डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 27.02.2023 से 05.03.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-09 ▶ मूल्य ₹ 10.00

**कोल जनजाति महाकुंभ**

## जनजातीय बजट बढ़ाकर किया गया 90 हजार करोड़ रुपये

**प्रधानमंत्री ने अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिये अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। पूर्व की केंद्र सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिये 24 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष खर्च करती थी, केंद्र सरकार ने इस राशि को कई गुना बढ़ा कर 90 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। पहले सिर्फ 167 एकलव्य विद्यालय हुआ करते थे, सरकार ने इनकी संख्या बढ़ा कर 690 कर दी है। ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सतना जिले में आयोजित कोल जनजाति महाकुंभ को संबोधित करते हुये कहीं।**



केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सतना में कोल जनजाति महाकुंभ का शुभारंभ करते हुये।

**सतना,** केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि माता शबरी ने अपनी भक्ति से लोगों को युगों-युगों तक राम की भक्ति करने की प्रेरणा दी, ऐसी पवित्र भूमि को मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे यहां तीन बार आने का अवसर मिला। जब-जब मैं यहां आया, तब-तब मैं नई ऊर्जा और चेतना लेकर गया।

श्री शाह ने कहा कि इस महाकुंभ में करोड़ों रुपयों के लोकार्पण और शिलान्यास श्री शिवराज सिंह चौहान ने मेरे हाथों कराये हैं। मैं मन से श्री शिवराज सिंह चौहान को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने आपकी सभी जरूरतों को समझ कर कोल समाज के भाई-बहनों के लिए संकल्प लिए हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं जबलपुर आया था, उस दिन मुख्यमंत्री ने जनजातीय वर्ग के लिये 14 घोषणाएं की थीं। मुझे प्रसन्नता है कि श्री चौहान ने अपनी सभी घोषणाओं पर अमल कर जनजातीय वर्ग के उत्थान का कार्य किया है। श्री शाह ने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने पूरे देश में कोरोनारोधी टीके नि:शुल्क लगवाकर देशवासियों के जीवन को सुरक्षित किया है। साथ ही प्रधानमंत्री ने हर गरीब के घर में प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो अनाज मुफ्त में भेजने का फैसला भी किया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अन्याय का अंत करना ही धर्म है। माता शबरी द्वारा सच्चे मन से की गई भगवान श्री राम की भक्ति अमर हो गई। मुख्यमंत्री ने मैया शबरी और भगवान श्री राम के मिलन का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि माँ शबरी और भगवान राम की कथा संदेश देती है कि शासन और प्रशासन चल कर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, तभी राम राज्य होगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत गौरवशाली, वैभवशाली, समृद्धशाली, भ्रष्टाचारमुक्त और अन्याय को समाप्त करने वाला बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत को नये मुकाम पर पहुंचाना है। सरकार द्वारा गरीबों को पक्का मकान दिया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा और जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त की गई।

मुख्यमंत्री ने कोल समाज की उन्नति और गौरव को स्थापित करने के लिये राज्य सरकार की संकल्प शक्ति को जताया। उन्होंने कहा कि रीवा जिले की त्यौंथर तहसील में कोल शासकों की कोल गढ़ी का साढ़े 3 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया जायेगा।

### देश में बनाये जा रहे हैं शहीदों के स्मारक

श्री अमित शाह ने वर्ष 1832 के कोल विद्रोह का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में शहीदों के स्मारक बनाने का काम कर रही है। पिछले 5 सालों में 80 जनजातीय स्मारक बनाने के लिये 200 करोड़ रुपये खर्च किये। देश में 70 साल में जो नहीं किया गया वह प्रधानमंत्री ने कर दिखाया है। देश में यह पहली बार हुआ है कि गरीब जनजातीय समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बना कर समग्र जनजातीय समाज का सम्मान किया गया है। मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ रुपये खर्च कर रघुनाथ शाह और शंकर शाह का स्मारक बनाया है।

### पोषण आहार के लिये प्रतिमाह मिलेंगे 1 हजार रुपये

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोल समाज की बहनों को भी पोषण आहार के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये का आहार अनुदान दिया जायेगा। साथ ही समाज के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रशिक्षण और कोचिंग की व्यवस्था की भी जायेगी। रीवा जिला मुख्यालय पर पोस्ट ग्रेजुएट जनजातीय छात्रावास और सतना में कोल जनजाति कन्या छात्रावास बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वयं का व्यवसाय करने वाले कोल जनजाति के युवाओं को बैंक से ऋण दिलाने की गारंटी लेगी और ब्याज अनुदान भी देगी।

### मध्यप्रदेश की 111 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला प्रमाणीकरण - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय है। प्रसन्नता का विषय है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने एक और उपलब्धि प्राप्त की है। प्रसूताओं को बेहतर उपचार देने में हम देश में अव्वल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से प्रसव कक्ष गुणवत्ता बेहतरी के लिए शुरू किए गए 'लक्ष्य' अभियान में मध्यप्रदेश को देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य अभियान में राज्य की 111 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण मिला है। इसी आधार पर इन संस्थाओं को एक लाख से लेकर 5 लाख रुपये तक का वार्षिक अनुदान प्राप्त होगा। इस राशि से ऑपरेशन थियेटर और प्रसव कक्षों की देख-भाल तथा बेहतरी के लिए व्यय किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय दल द्वारा 'लक्ष्य' अभियान में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण मातृत्व देख-भाल को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के चिकित्सालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जांच की गई थी।

### पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में 21 विद्यार्थियों को दिया गया लाभ

**भोपाल,** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में इस वर्ष अब तक 21 विद्यार्थियों को विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये छात्रवृत्ति दी गई है।

योजना में चयनित इन विद्यार्थियों को करीब 8 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के रूप में दी गई है। विभाग की इस योजना में प्रतिवर्ष चयनित 50 विद्यार्थी को लाभान्वित करने का प्रावधान है।

### ऊर्जा विभाग की विभिन्न कंपनियों में 453 पदों पर होगी भर्ती

**भोपाल,** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि युवाओं को रोज़गार देने और बिजली कंपनियों के कार्यों को सुचारु संचालन के लिए विभिन्न कंपनियों में रिक्त 453 पदों पर भर्ती की जायेगी। इनमें असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और अन्य पद शामिल हैं। रिक्त पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन 24 फरवरी से 16 मार्च 2023 तक भरे जा सकेंगे। भर्ती की प्रक्रिया मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा की जा रही है। यह भर्ती मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के साथ ही मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के लिये की जायेगी।


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


**सतना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण**

## मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की सीटें 2055 से बढ़कर 3700 होंगी

**सतना,** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया। समारोह में 43 एकड़ में विस्तारित तथा 550 करोड़ रुपये से निर्मित मेडिकल कॉलेज भवन परिसर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि एमबीबीएस के साथ-साथ एमडी और एमएस की सीटें भी बढ़ाई जा रही हैं। देश में 22 नये एम्स अस्पताल बनाये गये हैं। मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की 2055 सीटें उपलब्ध थीं, जो शीघ्र ही बढ़कर 3700 हो जायेंगी। सतना में मेडिकल कॉलेज की स्थापना चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। सतना मेडिकल कॉलेज में रोगियों को महानगरों की तरह उपचार की सभी सुविधाएं मिलेंगी। अब इस क्षेत्र के बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिये बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी।

श्री शाह ने कहा कि गत वर्ष के बजट में स्वास्थ्य के लिये 94 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसमें इस वर्ष 30 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। देश में वर्ष 2021-22 के पहले मेडिकल कॉलेज में 51 हजार 300 डॉक्टर तैयार होते थे। अब यह संख्या बढ़कर 89 हजार 900 हो गई है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सतना का मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये मील का पत्थर साबित होगा। इससे संबद्ध चिकित्सालय का शीघ्र निर्माण आरंभ किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब गौरवशाली, समृद्धशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है।

- **आयुष्मान योजना से अब तक 7 करोड़ से अधिक लोगों का नि:शुल्क उपचार।**
- **इंद्रधनुष अभियान में सभी बच्चों को लगाये जा रहे हैं टीके।**

## युवा सशक्तिकरण में सहायक होगी युवा नीति - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश युवा नीति-2023 की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** हमारी युवा नीति हर क्षेत्र में युवाओं के सशक्तिकरण में सहायक होगी। परफेक्ट युवा नीति तैयार करने में विशेषज्ञों के सुझावों को ध्यान में रखा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश युवा नीति-2023 के संबंध में समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने युवा नीति तैयार करने के लिए अब तक किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाना और उनकी क्षमताओं का पूरा विकास करना युवा नीति का विजन एवं मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त करते हुए उनमें आत्मविश्वास का निर्माण करना है। इससे युवाओं में राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता भी बढ़ेगी।

श्री चौहान ने कहा कि युवा नीति लाना कोई कर्मकाण्ड नहीं है। यह युवाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का माध्यम है। युवा नीति में शिक्षा और कौशल, रोज़गार और उद्यमिता, युवा नेतृत्व एवं सामाजिक कार्य, खेल और पर्यावरण जागरुकता सहित विभिन्न क्षेत्रों का समावेश होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 18 फरवरी

### आई-एटीएस प्रणाली विकसित करने वाला छठवां देश बना भारत

● भारत ने रेल तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा ऐतिहासिक कदम उठाया है। दिल्ली मेट्रो में पहली बार स्वदेश निर्मित सिग्नल प्रणाली का प्रयोग शुरू किया गया है। इसके साथ ही भारत विश्व का छठवां देश बन गया है, जहां स्वदेश निर्मित सिग्नल प्रणाली विकसित की गई है। अब तक यह तकनीक सिर्फ फ्रांस, जापान, जर्मनी, कनाडा और चीन के पास थी। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने दिल्ली मेट्रो के परिचालन नियंत्रण केंद्र (ओसीसी) में स्वदेश निर्मित प्रणाली आई-एटीएस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बीईएल) के साथ मिलकर विकसित किया है। यह स्वदेश निर्मित संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसे रेल आधारित अन्य प्रणालियों के साथ ही भारतीय रेलवे के परिचालन में भी उपयोग किया जा सकता है।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोरोना महामारी के बाद अब विश्व पर एक और महामारी का खतरा मंडरा रहा है। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ट्रेडोस अधनोम घेब्रेयेसस ने कहा कि अभी तक मुर्गियों और पक्षियों में संक्रामक रहा एच5 एन1 वायरस के इंसानों को संक्रमित करने के कुछ मामले सामने आये हैं। यह इंसानों के लिए नई महामारी बन सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को एक संभावित बर्ड फ्लू महामारी के लिए तैयार रहना चाहिए। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि सभी देशों को बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बरतनी चाहिए, यह वायरस कोरोना महामारी की तरह संक्रामक रूप ले सकता है।

## 19 फरवरी

### भारत में अंग प्रत्यारोपण की दर में हुई भारी वृद्धि

● कोरोना महामारी के बाद अंग प्रत्यारोपण के मामलों में भारी वृद्धि देखने को मिली है। भारत में वर्ष 2022 में 15 हजार से ज्यादा अंग प्रत्यारोपण हुए हैं। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री राजेश भूषण ने दी है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब एक साल में देश में इतनी ज्यादा संख्या में अंग प्रत्यारोपण हुए हैं। अंग प्रत्यारोपण के मामले में 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। श्री भूषण ने प्राथमिक क्षेत्र कार्यक्रम संबंधी पुनर्गठन, संचार रणनीति और पेशेवरों के कौशल को अंग प्रत्यारोपण के लिए प्रमुख बताया है। उन्होंने कहा कि देश में 640 से अधिक अस्पताल और मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद अंग प्रत्यारोपण केवल कुछ अस्पतालों तक सीमित बने हुये हैं। ऐसे में उन संस्थानों की संख्या का विस्तार करने की आवश्यकता है, जहां सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण किए जाते हैं।

● बिजली कंपनियां अब हर महीने बिजली का फ्यूल कॉस्ट चार्ज बढ़ा या घटा सकेंगी। इसके लिए उन्हें विद्युत विनियामक आयोग की स्वीकृति की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्र सरकार ने विद्युत नियम 2005 में एक संशोधन किया है। इसमें हर महीने फ्यूल कॉस्ट एडजस्टमेंट (एफसीए) तय करने का काम बिजली कंपनी को देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सरकार ने एफसीए का नाम बदलकर फ्यूल एंड पॉवर पर्चेस एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा तिमाही में बिजली उपभोक्ताओं से 34 पैसे प्रति यूनिट एफसीए वसूला जा रहा है।

## 20 फरवरी

### इसरो ने किया चंद्रयान-3 के लैंडर का सफल परीक्षण

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन चंद्रमा की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर का एक प्रमुख परीक्षण सफलतापूर्वक किया। इसरो ने बताया कि लैंडर का परीक्षण इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक इंटरफेस/इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमआई/ईएमसी) सफलतापूर्वक किया गया। यह परीक्षण अंतरिक्ष के वातावरण में उपग्रह की विभिन्न प्रणालियों की कार्यक्षमता को जांचने के लिए किया गया है। इस परीक्षण के जरिए विद्युत चुम्बकीय स्तरों के साथ उपग्रह की अनुकूलता सुनिश्चित की गई। इसरो ने कहा कि इस अभियान के लिए ईएमआई/ईएमसी परीक्षण सफल होना बड़ी उपलब्धि है। इस परीक्षण में चंद्रयान-3 का लैंडर सभी आवश्यक संचालन पैमानों पर सफल उतरा। माना जा रहा है कि इसरो इस वर्ष जून माह तक चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित कर सकता है।

● केंद्र सरकार ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए एम-पासपोर्ट पुलिस एप लॉन्च किया है। यह एप न केवल पासपोर्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सुगम बनाएगा, बल्कि पासपोर्ट को समय पर अपडेट करने और जारी करने में भी मदद करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पुलिस वेरिफिकेशन पासपोर्ट जारी करने की प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा है। पासपोर्ट जारी करने की प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए एम-पासपोर्ट पुलिस एप बनाया गया है। पहले पासपोर्ट वेरिफिकेशन और रिपोर्ट जमा करने में 15 दिन लगते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया 5 दिन के अंदर पूरी हो जाएगी। इस एप के जरिए पासपोर्ट वेरिफिकेशन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस हो जाएगी।

## 21 फरवरी

### ईपीएफओ ने हायर पेंशन के लिए जारी की आवेदन प्रक्रिया

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत हायर पेंशन पाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी की है। इस प्रक्रिया के तहत अंशदाता 3 मार्च तक हायर पेंशन योजना का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए नियोक्ता और कर्मचारी को संयुक्त रूप से आवेदन करना होगा। इस योजना के तहत ऐसे कर्मचारी इस विकल्प को चुन सकेंगे जो एक सितम्बर 2014 के पहले और उसके बाद से अंशदान कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने ज्यादा पेंशन का विकल्प नहीं चुना था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर 2022 को कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 बरकरार रखी थी और पात्र अंशदाताओं को हायर पेंशन का विकल्प चुनने के लिए चार महीने का समय दिया था। यह अवधि 3 मार्च को पूरी हो रही है। अब ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को अंशधारकों को हायर पेंशन का विकल्प उपलब्ध कराने को कहा है।

● भारत ने नेपाल सरकार को 20 किडनी डायलिसिस मशीनें प्रदान की हैं। भारत द्वारा नेपाल को दी जाने वाली 200 किडनी डायलिसिस मशीनों में से यह पहली खेप है। नेपाल में भारत के राजदूत श्री नवीन श्रीवास्तव ने एक समारोह में नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री श्री पदम गिरी को यह मशीनें सौंपी। भारतीय राजदूत ने कहा कि अच्छा मित्र होने के नाते भारत हमेशा से नेपाल के विकास में मददगार रहा है। भारत और नेपाल विभिन्न क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं। इनमें स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा 'पड़ोसी पहले' की नीति के तहत भारत ने वर्ष 2015 के भूकंप, कोरोना महामारी और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में नेपाल की खुलकर मदद की है।

## 22 फरवरी

### डीआरडीओ ने किया आईटीसीएम का सफल परीक्षण

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए लगातार अपने मिसाइल कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। डीआरडीओ ने स्वदेशी ज्ञान कौशल से निर्मित इंडिजेनस टेक्नोलॉजी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित लॉन्चिंग कॉम्प्लेक्स-3 में किया गया। परीक्षण के दौरान इस मिसाइल को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से दागा गया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है। इस मिसाइल को स्वदेशी अनुसंधान केंद्र (आरसीआई) ने विकसित किया है। यह मिसाइल देश की रक्षा जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाई गई है। इस मिसाइल को एक अति उन्नत नेविगेशन सिस्टम और ऊंचाई निर्धारण के लिए रेडियो अल्टीमीटर द्वारा निर्देशित किया जाता है।

● भारत और चीन सीमा मुद्दों के समाधान में तेजी लाने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच सीमा मामलों को लेकर परामर्श एवं समन्वय प्रणाली (डब्ल्यूएमसीसी) की अहम बैठक हुई। दोनों देशों के बीच समन्वय को लेकर यह 26वीं बैठक थी। यह बैठक बीजिंग में आयोजित हुई, जिसमें दोनों देश सीमा विवाद के मुद्दों के समाधान पर तेजी लाने पर सहमत हुए। बैठक में तय हुआ कि जल्द ही 18वीं सीनियर कमांडर्स की बैठक बुलाई जायेगी। 14 जुलाई, 2019 के बाद यह पहला अवसर है जब दोनों देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने की बैठक में शामिल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने किया था। वहीं चीनी शिष्टमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय में सीमा और समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक ने किया था। डब्ल्यूएमसीसी का गठन वर्ष 2012 में सीमा मामलों को लेकर बात करने के लिए किया गया था।

## 23 फरवरी

### केंद्र सरकार ने पहली कक्षा में प्रवेश की उम्र छह वर्ष करने के दिए निर्देश

● केंद्र सरकार ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता लाने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पहली कक्षा में दाखिले की न्यूनतम उम्र छह वर्ष रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सरकार ने सभी राज्यों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किए गए स्कूली शिक्षा के नए ढांचे को अपनाने के लिए भी कहा है। इस ढांचे के तहत बच्चों को तीन वर्ष की उम्र से ही स्कूली व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। उन्हें शुरू के तीन वर्ष तक बालवाटिका (प्ले स्कूल) से जोड़ा जाएगा। उसके बाद ही उन्हें पहली कक्षा में दाखिला दिया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि पहली कक्षा में दाखिले की उम्र राज्यों में अलग होना स्कूली शिक्षा की एक बड़ी विसंगति है। इसका खामियाजा बच्चों को एक राज्य से दूसरे राज्य में शिफ्ट होने या प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के दौरान उठाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि अभी कई राज्यों में पहली कक्षा में दाखिले की न्यूनतम उम्र छह वर्ष है जबकि कुछ राज्यों में यह उम्र सीमा साढ़े पांच या पांच वर्ष है।

● भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस समझौते को स्वीकृति प्रदान की गई। यह समझौता दोनों देशों के बीच उड़ान सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गुयाना के साथ एक हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर से दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी। गुयाना में भारतीय मूल के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है, ऐसे में इस समझौते से दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने लगभग 110 देशों के साथ हवाई सेवा के लिए समझौते किए हैं।

## 24 फरवरी

### भारतीय सेना ने गठित की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रेजिमेंट

● भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सेना ने पहली बार जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रेजिमेंट गठित की है। इस मिसाइल रेजिमेंट को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले पूर्वी कमान के क्षेत्र में स्थापित किया गया है। इस रेजिमेंट पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के सेक्टरों में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रक्षा का दायित्व है। इस रेजिमेंट को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेश में विकसित मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हथियार प्रणाली से लैस किया गया है। सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेटिनेंट जनरल आरपी कलिता ने बताया कि रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में यह बड़ी छलांग है। भारत जल्द ही रक्षा निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जायेगा। यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का जवाब देने और जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजिमेंट लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों, यूएवी और मिसाइलों जैसे हवाई आक्रमण का एक साथ सामना कर सकती है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 9 27.02.2023 से 05.03.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# कायाकल्प अभियान में सड़कों का होगा रखरखाव

प्रदेश के नगरों की आंतरिक सड़कें ठीक हों और नागरिकों का जीवन सुगम हो, इस उद्देश्य से प्रदेश के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार अपने बजट से नगरीय निकायों को सड़कों के रखरखाव के लिये राशि उपलब्ध करा रही है। सड़कों का रखरखाव नगरीय निकायों का दायित्व है। नगरीय निकायों के पास सड़कों के रखरखाव के लिये पर्याप्त राशि की उपलब्धता हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प अभियान शुरू कर नगरीय निकायों को राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। निकायों को अपने स्तर पर संसाधनों के स्रोत विकसित करने के लिये पहल करनी होगी। इस दिशा में इंदौर नगर निगम द्वारा ग्रीन बॉण्ड जारी करने का नवाचार अनुकरणीय है। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से प्रदेश के 413 नगरीय निकायों की सड़कों के लिये कायाकल्प अभियान में 750 करोड़ रुपये स्वीकृत और 350 करोड़ रुपये की प्रथम किश्त सिंगल क्लिक से नगरीय निकायों को अंतरित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के रखरखाव का कार्य समय-सीमा में हो। अगले 15 से 20 दिन में टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर एजेंसी निर्धारित करते हुये मई माह तक सभी सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। इससे वर्षाऋतु में नागरिकों को सुविधा होगी। यह सुनिश्चित किया जाये कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने पूरे देश में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जनप्रतिनिधियों के सहयोग और जनभागीदारी से ही संभव हुआ है। मार्च माह में पुन: स्वच्छता सर्वेक्षण आरंभ होने वाला है। सभी नगरीय निकाय, नागरिकों से संवाद और प्रशासन को सक्रिय करते हुये इस दिशा में प्रयास शुरू कर दें। नगरों में वार्ड स्तर पर स्वच्छता के लिये प्रतियोगी भावना से कार्य हो। इसमें रहवासी संघों और नागरिकों का सहयोग लिया जाये। स्वच्छता में प्रथम स्थान पर रहने के लिये हम सभी को प्रयत्नों और परिश्रम की पराकाष्ठा करना है। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिये पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सचेत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पेयजल योजना के कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों और उनका उचित रखरखाव किया जाये। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के दूसरे चरण में नल-जल योजनाओं पर 12 हजार 174 करोड़ रुपये खर्च होगा। पाइपलाइन बिछाने या अन्य कार्यों के लिये खोदी गई सड़कों का रेस्टोरेशन लंबित न हो इस ओर विशेष रूप से सजग रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन ने अवैध कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी फैसला किया है कि प्रदेश में अब कोई भी नयी अवैध कॉलोनी नहीं बनने दी जायेगी। नगरीय निकायों का यह दायित्व है कि वे पुरानी कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के निर्माण की किसी भी संभावना को तत्काल खत्म करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों को अपने स्तर पर वित्तीय स्रोत बनाने के लिये नवाचार करने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये प्रयास करें।

## अल्जाइमर का पता लगाने के लिये शोध

अल्जाइमर के मरीज सारी दुनिया में हैं। इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति अनेक समस्याओं से पीड़ित रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अल्जाइमर मरीजों की संख्या 5.5 करोड़ से ज्यादा है। वर्ष 2030 तक यह संख्या 7.8 करोड़ होने की संभावना है। इस बीमारी के बारे में समय से पहले पता लगाने के लिये वैज्ञानिकों ने एक ऐसे रक्त परीक्षण की खोज की है, जिससे शुरुआती चरण से करीब साढ़े तीन साल पहले बीमारी के बारे में पता लगा सकते हैं। यह परिणाम किंग्स कॉलेज लंदन के मनोचिकित्सा और मनोविज्ञान से जुड़े वैज्ञानिकों ने पता लगाया है। अभी किसी व्यक्ति को अल्जाइमर है या नहीं इसका पता लगाने के लिये डॉक्टर कॉग्निटिव टेस्ट पर भरोसा करते हैं। इसके अलावा बीमारी के कारण मस्तिष्क में होने वाले बदलावों का पता लगाने के लिये ब्रेन इमेजिंग और लंबर पंचर जैसी चिकित्सा प्रक्रियाओं का उपयोग करते हैं। अल्जाइमर से पीड़ित मरीज के मस्तिष्क की कोशिकाओं में शिथिलता आ जाती है। इसके लक्षणों में याददाश्त में कमी आना, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता पर असर पड़ता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक इस बीमारी से ग्रस्त रोगी उस समय जांच के लिये जाते हैं। जब याददाश्त संबंधी तकलीफें होने लगती हैं। लेकिन यह रोग कम से कम 10 से 20 साल पहले ही मस्तिष्क को प्रभावित कर चुका होता है। शोध के मुताबिक मानव रक्त में मौजूद घटक मस्तिष्क में नई कोशिकाओं के गठन को नियंत्रित कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को न्यूरोजेनेसिस कहा जाता है। न्यूरोजेनेसिस की यह प्रक्रिया मस्तिष्क के एक महत्वपूर्ण हिस्से में होती है, जिसे हिप्पोकैम्पस कहते हैं। यह मस्तिष्क का वह हिस्सा है, जो याद रखने में मदद करता है। इस बीमारी के शुरुआती चरणों के दौरान अल्जाइमर हिप्पोकैम्पस में नई मस्तिष्क कोशिकाओं के निर्माण को प्रभावित करता है। अध्ययन में परिवर्तनों को समझने के लिये वैज्ञानिकों ने ऐसे 56 व्यक्तियों से कई वर्षों तक रक्त के नमूने लिये थे, जिनकी संज्ञानात्मक क्षमता में गिरावट देखी गई थी। अध्ययन में शामिल 56 में से 36 लोगों में अल्जाइमर के लक्षण देखे गये थे।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 28 फरवरी

# समस्याओं का समाधान है विज्ञान

***"मैं अपनी असफलता का मालिक हूं, अगर मैं कभी असफल नहीं होता तो मैं इतना सब कुछ कैसे सीखता।"***

नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन का यह कथन जीवन में कभी भी हार न मानने के लिए प्रेरित करता है। विज्ञान भी ऐसा ही क्षेत्र है, जिसमें निरंतर लगन के माध्यम से न सिर्फ सफलता मिलती है, बल्कि व्यापक स्तर पर लोगों का हित होता है। हमारे देश में विज्ञान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा इस दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

### रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाते हैं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

भारत में प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। प्रोफेसर सी.वी. रमन (चंद्रशेखर वेंकट रमन) ने सन् 1928 में इसी दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। रमन की यह खोज 28 फरवरी को प्रकाश में आई थी। इस कारण 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद ने भारत सरकार को अनुशंसा की कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाए। 28 फरवरी, 1987 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया गया। तब से हर वर्ष 28 फरवरी को यह दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दिन सभी विज्ञान संस्थानों जैसे प्रयोगशालाओं, एकेडमी, स्कूल, कॉलेज आदि में वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय व दूसरे पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और विज्ञान की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए विशेष पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

### सी.वी. रमन का संगीत के प्रति था विशेष लगाव

चंद्रशेखर वेंकट रमन का जन्म तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में 7 नवम्बर, 1888 को हुआ था, जो कि कावेरी नदी के किनारे स्थित है। इनके पिता चंद्रशेखर अय्यर एक स्कूल में पढ़ाते थे। वह भौतिकी और गणित के विद्वान और संगीत प्रेमी थे। चंद्रशेखर वेंकट रमन की मां पार्वती अम्माल थीं। उनके पिता वहां कॉलेज में शिक्षक थे, उनके पिता को पढ़ने का बहुत शौक़ था। इसलिए उन्होंने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। रमन का विज्ञान और अंग्रेजी साहित्य की पुस्तकों से परिचय बहुत छोटी उम्र से ही हो गया था। संगीत के प्रति उनका लगाव और प्रेम भी छोटी आयु से आरंभ हुआ और आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का विषय बना। रमन ने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' में बी.ए. में प्रवेश लिया। उन्होंने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' से ही एम.ए. फिजिक्स से किया। प्रोफेसर आर.एल. जॉन्स ने वैज्ञानिक खोज के प्रति रमन की लगन को देखते हुए ही उन्हें शोध पेपर लिखकर लन्दन से प्रकाशित होने वाली 'फिलॉसफिकल पत्रिका' को भेजने की सलाह दी, सन् 1906 में पत्रिका के नवम्बर अंक में उनका पेपर प्रकाशित हुआ। साल 1934 में सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को बंगलौर स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के




निदेशक बने। 21 नवंबर, 1970 को सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की 82 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई थी।

### खुद पर विश्वास था कि मिलेगा नोबेल पुरस्कार

प्रतिभा ही नहीं सी.वी. रमन का खुद के प्रति एक दृढ़ आत्मविश्वास भी था। इसकी बानगी इस घटना से मिलती है कि जब उनके पास स्पेक्ट्रोग्राफ खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, लेकिन उनके पास एक आइडिया था जिससे नोबेल पुरस्कार जीता जा सकता था। तब उन्होंने उस दौर में उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला को एक पत्र लिखा कि, आप मुझे स्पेक्ट्रोग्राफ खरीदने के लिए पैसे दीजिए, अगर आपने मुझे यह पैसे दिए तो मैं आपसे वायदा करता हूं कि मैं आपको एक साल में नोबेल पुरस्कार लाकर दूंगा। जीडी बिड़ला ने उनकी मांग पूरी की। इसके बाद उन्होंने एक रिसर्च पेपर इंडियन

**रमन का विज्ञान और अंग्रेजी साहित्य की पुस्तकों से परिचय बहुत छोटी उम्र से ही हो गया था। संगीत के प्रति उनका लगाव और प्रेम भी छोटी आयु से आरंभ हुआ और आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का विषय बना।**

जर्नल ऑफ फिजिक्स और नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों नील्स बोर, अर्नेस्ट रदरफोर्ड, और अन्य को भेजा। रमन ने उन्हें लिखा कि, मुझे लगता है कि यह नोबेल पुरस्कार जीतने लायक खोज है, आपको मेरे नाम की अनुशंसा नोबेल पुरस्कार के लिए करनी चाहिए। उसके बाद क्या हुआ यह सबको पता है। वह भी जानते थे कि पुरस्कार उन्हें ही मिलेगा। उन्होंने नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित होने से चार महीने पहले ही स्टाकहोम जाने का हवाई टिकट बुक करा लिया था। पुरस्कार लेने के लिए वे अपनी पत्नी के साथ समय के पहले ही स्टाकहोम पहुंच गए।

### अहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं

सी.वी. रमन को जब नोबेल पुरस्कार मिला तो उन्होंने कहा था कि "जब नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई थी तो मैंने इसे अपनी व्यक्तिगत विजय माना, मेरे लिए और मेरे सहयोगियों के लिए एक उपलब्धि-एक अत्यंत असाधारण खोज को मान्यता दी गई है, उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जिसके लिए मैंने सात वर्षों से काम किया है। लेकिन जब मैंने उस खचाखच हॉल में मेरे इर्द-गिर्द पश्चिमी चेहरों का समुद्र देखा और मैं, केवल एक ही भारतीय, अपनी पगड़ी और बन्द गले के कोट में था, तो मुझे लगा कि मैं वास्तव में अपने लोगों और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। जब किंग गुस्टाव ने मुझे पुरस्कार दिया तो मैंने अपने आपको वास्तव में विनम्र महसूस किया, यह भावप्रवण पल था, लेकिन मैं अपने ऊपर नियंत्रण रखने में सफल रहा। इसके बाद सी.वी. रमन को साल 1954 में भारत रत्न दिया गया।

### क्या है रमन इफेक्ट

सी.वी. रमन ने साबित किया था कि जब प्रकाश किसी पारदर्शी वस्तु के बीच से गुजरता है तो प्रकाश का कुछ हिस्सा विक्षेपित होता है, जिसकी वेब लेंथ में बदलाव होता है। उनकी इसी खोज को 'रमन इफेक्ट' कहा जाता है। सीवी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज अपने छात्र और वैज्ञानिक रहे केएस कृष्णन के साथ मिलकर की थी। रमन इफेक्ट का इस्तेमाल आज भी कई जगहों पर हो रहा है। जब भारत के चंद्रयान-1 ने चांद पर पानी होने का ऐलान किया था, तो इसके पीछे भी रमन इफेक्ट का ही कमाल था। फोरेंसिक साइंस में भी रमन इफेक्ट काफी उपयोगी साबित हो रहा है। अब यह पता लगाना आसान हो गया है कि कौन-सी घटना कब और कैसे हुई थी।

### वैश्विक खुशहाली के लिए वैश्विक विज्ञान

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम या विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 की थीम 'वैश्विक खुशहाली के लिए वैश्विक विज्ञान' है। थीम का अनावरण करते समय केन्द्रीय मंत्री श्री जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि, भारत के 2023 में प्रवेश करने के साथ ही यह विषय भारत की उभरती वैश्विक भूमिका और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में उसकी बढ़ती दृश्यता को इंगित करता है। वर्तमान समय में जब हर चुनौती या समस्या पूरे विश्व की बन चुकी है, ऐसे में समाधान भी वैश्विक स्तर पर ही सोचने की आवश्यकता है। इसलिए विज्ञान के सहयोग से हर तरह की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए हर स्तर पर प्रयत्न करने चाहिए।

### राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और अगले दशक में वैज्ञानिक शोध एवं विकास के मामले में देश को विश्व के अग्रणी राष्ट्रों की पंक्ति में लाने के लक्ष्य कर बनायी गई नई विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति-2020 का मसौदा तैयार किया गया है। इसमें लैंगिक भेदभाव कम करने और काम के घंटों को लचीला बनाने का प्रस्ताव किया गया है। यह नीति दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए सभी वित्त पोषित सार्वजनिक वैज्ञानिक संस्थानों में उनके समावेश न करने हेतु 'संरचनात्मक और सांस्कृतिक परिवर्तन' का पक्षधर है। इस नीति में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार वेधशाला स्थापित करना शामिल है, जो देश में वैज्ञानिक अनुसंधान से संबंधित सभी प्रकार के डेटा के केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करेगा। यह नीति आने वाले दशक में भारत को शीर्ष तीन वैज्ञानिक महाशक्तियों के बीच तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर स्थिति प्राप्त करने में सहायक होगी। इसके साथ ही एक रणनीतिक प्रौद्योगिकी बोर्ड की स्थापना करना जो सभी सामरिक सरकारी विभागों को जोड़ेगा और खरीदी जाने वाली या स्वदेश निर्मित प्रौद्योगिकियों की निगरानी तथा अनुशंसा करेगा।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

## कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
## लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ओल्ड पलासिया, इन्दौर (म.प्र.)

ई-मेल - apdpiuindore@gmail.com

क्र. एफ-3/2023/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-36/509 इन्दौर, दिनांक :14.02.23

### विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 36/2023

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र. द्वारा दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील एसओआर एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

**क्र. एवं कार्य का नाम** :– 1. पीआईयू लोनिवि संभाग मंदसौर में सीएम राईज स्कूल भवन मनासा एवं जावद पर सुपरविजन क्वॉलिटी कंट्रोल सर्विसेस का कार्य।

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PWPIU_ 251953_1 | मंदसौर | 110.90 | 1,10,900 | 12,500 | 18 |
| 2. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन पाटी जिला बड़वानी का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | | | | | |
| 2023_PWPIU_ 251907_1 | बड़वानी | 553.83 | 5,53,830 | 20,000 | 14 |
| 3. सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकूल भवन उज्जैन में गोदरेज कंपनी के फर्नीचर लगाने एवं आपूर्ति कार्य। | | | | | |
| 2023_PWPIU_ 251381_1 | उज्जैन | 235.38 | 2,35,380 | 15,000 | 2 |
| 4. पॉलीटेक्निक कॉलेज कैम्पस उज्जैन में शेड, कनेक्टीव स्टेल, पार्किंग एवं बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2023_PWPIU_ 251670_1 | उज्जैन | 110.00 | 1,10,000 | 12,500 | 6 |

**निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) :–**

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 11.02.2023
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 13.02.2023
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.02.2023
4. बिड खोलने की तिथि - 02.03.2023

**अतिरिक्त परियोजना संचालक**
**लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू., इन्दौर**

**जी-23256/48208/2023**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
## लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1
## शेड क्र.-7 जवाहर चौक, भोपाल

**निविदा सूचना क्र.-122/व.ले.लि./2022-23** **भोपाल, दिनांक : 10.02.2023**

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमा. राशि रु. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 122 | 2023_ PWDRB_ 251747 | राजभवन भोपाल स्थित मुख्य भवन राजेन्द्र काटेज, जवाहरखण्ड, नर्मदा डायनिंग हॉल एवं सांची खण्ड ब्लॉक के ऊपर जी.आई. शीट एवं कवेलू बदलने का कार्य। | रु. 1,26,23,900/- (रु. एक करोड़ छब्बीस लाख तेईस हजार नौ सौ मात्र) | रु. 126239/- |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 27.02.2023 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र.-1 भोपाल**

**जी-23325/48212/2023** **दूरभाष - 0755-2777485**

## म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

**कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), मोबा. : 9406808103**
**E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन नं. : 0734-2527715**

**क्र. 290 /पय/मप्रपुहाइडेकालि/23** **उज्जैन, दिनांक : 24.2.2023**

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 30/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 30/2022-23 दिनांक 24.02.2023** के अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूल, बड़नगर जिला उज्जैन स्थित ध्वस्तीकरण योग्य पुराने भवन का ध्वस्तीकरण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_ MPPHC_255455 आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 24.02.2023 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108707/48228/2023 **परियोजना यंत्री**

## कार्यालय संचालक
## राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केंद्र
## (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण) भदभदा रोड, भोपाल

### विज्ञापन

''पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना-2022 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग के युवकों को भारत सरकार की Technical Intern Training Program (TITP) योजना अंतर्गत 03 से 05 वर्षो के लिए जापान में रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान में National Skill Development Corporation (NSDC ) से इम्पेनल्ड Sending Organizations से ई-टेण्डर के माध्यम से प्रस्ताव एवं कार्य की दरें आमंत्रित की जाती हैं। योजना अंतर्गत Sending Organizations का चयन आरंभिक 01 वर्ष के लिए किया जाएगा। कार्य संतोषजनक होने पर उक्त अवधि में क्रमशः 1-1 वर्ष अनुसार आगामी 02 वर्ष की वृद्धि की जा सकेगी। प्रत्येक प्रस्ताव के लिए रुपये 1,000/- आवेदन शुल्क निर्धारित है, जो कि नॉन रिफन्डेबल होगा। इस आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(https://mptenders.gov.in)** के माध्यम से ऑनलाइन होगा।

आवेदित Sending Organizations को अपना तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(https://mptenders.gov.in)** के माध्यम से **दिनांक 02.03.2023** सायंकाल 5.00 बजे तक ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। ऑफलाइन कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन शुल्क रहित/विलम्ब से प्राप्त/कार्यालय को भौतिक रूप से प्राप्त प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

शासन द्वारा स्वीकृत योजना नियम प्रावधान, बिडिंग डाटा शीट, आवश्यक दिशा-निर्देश, तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव के प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर भी प्रदर्शित है। प्राप्त प्रस्ताव तकनीकी निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 03.03.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे, निविदा जारी कर्ता कार्यालय में विभागीय समिति द्वारा आवेदित एवं उपस्थित संस्था प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जाएंगे। तकनीकी निविदा में पात्र पाये गये आवेदकों के वित्तीय प्रस्ताव विभागीय समिति द्वारा पृथक से खोले जाएंगे। इस संबंध में आवेदित एवं वित्तीय निविदा खोलने के लिए पात्र पायी गई संस्थाओं को वित्तीय निविदा खोलने की तिथि से ई-मेल तथा पंजीकृत डाक से पृथक से अवगत कराया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0755-2763284 पर संपर्क किया जा सकता है।

**संचालक**
**राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र**
**(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल**

**जी-23151/48210/2023**

## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
## बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)

**E-mail : dean-gmcshahdol@mp.gov.in, Office No. : 07652-243000**
**Website : www.gmcshahdol.org, Fax No. : 07652-243222**

### विज्ञप्ति सूचना

1. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-53/2017/1/55 दिनांक 12.01.2018 द्वारा जारी म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत संचालक, चिकित्सा शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल द्वारा जारी अनुसूची क्रमांक/376/स्था./राज/2022 भोपाल, दिनांक 12.04.2022 के अनुसार बिरसा मुण्डा, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के आधीन शैक्षणिक संवर्ग **(सहायक प्राध्यापक)** के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की जानी है। इस हेतु बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के लिए आवेदन पत्र **दिनांक 28.02.2023 दिन मंगलवार, सायं 05:00 बजे तक** आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त जानकारी बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की अधिकृत वेबसाइट GMCSHAHDOL.ORG एवं संचालक चिकित्सा शिक्षा भोपाल की वेबसाइट MEDICALEDUCATION.MP.GOV.IN पर उपलब्ध है।
2. आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चाँपा शहडोल (म.प्र.) पिन 484001 के स्थापना शाखा में जमा कराये जा सकते हैं।
3. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में वांछित दस्तावेज संलग्न न करने पर अपूर्ण आवेदन पत्र को अमान्य किया जावेगा तथा उसके उपरांत किसी भी तरह का पत्राचार मान्य नहीं होगा।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से 'बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में' शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन एवं विषय ............... तथा आवेदित पद का नाम ....... और अनारक्षित/आरक्षित श्रेणी ......... का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है । किसी भी परिस्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. **आवेदन शुल्क** : अनारक्षित संवर्ग के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के साथ रु. 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) एवं आरक्षित संवर्ग (अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों को रुपये 800/- (आठ सौ रुपये मात्र) की राशि का डिमांड ड्राफ्ट 'NEW GOVT. MEDICAL COLLEGE SHAHDOL AUTONOMOUS SOCIETY' खाता क्रमांक - 3687727001 IFSC Code : CBIN0280787 बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मेन ब्रांच शहडोल (म.प्र.) के नाम देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के पीछे - अभ्यार्थी को अपना पूरा नाम, पता व विषय तथा फोन नम्बर यदि कोई हो तो लिखना आवश्यक होगा। किसी भी अवस्था में आवेदन शुल्क की राशि वापस नहीं की जावेगी।
6. अंतिम तिथि तक प्राप्त होने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में से पात्र अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के परीक्षण की तिथि एवं साक्षात्कार की तिथि पृथक से महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की जावेगी।
7. आवेदक पूर्व से जिस संस्था में कार्यरत है उस संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा चयनित होने के उपरांत त्यागपत्र स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**

**जी–23203/48207/2023** **बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)**

## संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास, 1 शिवाजी नगर, भोपाल

**दूरभाष - 0755 2441026 - 0755 2731261**

**क्रमांक : एफ 17/सं.नि./2023/486** **भोपाल, दिनांक 16.02.2023**

### चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति
### आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित गैस राहत चिकित्सा इकाइयों में चिकित्सा अधिकारियों (एम.बी.बी.एस.) के रिक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 21.02.2023 दिन मंगलवार तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे।

उपरोक्त आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु दिनांक 21.02.2023 दिन मंगलवार के स्थान पर आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु उक्त तिथि में **दिनांक 10.03.2023 दिन शुक्रवार तक** की वृद्धि की जाती है। आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु पदों की स्थिति व शेष शर्तें पूर्वानुसार यथावत रहेंगी।

**संचालक**
**गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल**

**जी-23154/48211/2023**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

महू-नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर
दूरभाष क्रमांक - 07422-256284, फैक्स - 07422-255215
E-mail : eephedmas@mp.nic.in

### NIT No. 23/2022-23

क्रमांक 447/व.ले.लि./का.यं./2023 मंदसौर, दिनांक : 08.02.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| टेंडर आई.डी. क्र. | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 1. अर्नेस्ट मनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्र. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MANDAUR BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251468_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MANDAUR BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251472_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MANDAUR BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251476_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MANDAUR BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251479_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MANDAUR BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251482_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251487_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251493_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251500_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251503_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN SITAMAU BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251512_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MALAHARGARH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251523_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MALAHARGARH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251525_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP IN MALAHARGARH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251527_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP BHANPURA BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251530_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP BHANPURA BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251533_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP GAROTH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251537_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP GAROTH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251542_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |
| **कार्य का नाम :–** DRILLING OF OF 14 NOS. 150/125/115 MM DIA 180 MTR. DEEP GAROTH BLOCK OF DISTT. MANDSAUR AS PER BOQ. | | | | |
| 2023_PHED_ 251547_1 | 16.29 | 1) 32580/- 2) द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 28.02.2023 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**नोट :–** निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-23381/48213/2023** **लोक स्वा. यां. खंड मंदसौर, मो.नं. 7422232190**

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**

**REGIONAL OFFICE : 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452007 (M.P.), Ph. : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629**
**E-mail : ed.roind@mpidc.co.in Website : www.invest.mp.gov.in**
**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

**No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2023/12904** **Date : 23.2.2023**

### NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** as mention below-

| S. No. | Name of work | PAC (Rs. in Lacs) | Cost of Tender form | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Over Head Tank (OHT) with Sumpwell, DI pipe line and staff quarters complete at I/A Electronic Complex, Indore. | Rs. 90.78 lacs | Rs. 11800/- i/c GST | Rs. 90783/- |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper **within 7 working days** from website : **http://www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/108692/48226/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1 ग्वालियर

**Phone : 0751-2371231, E-mail : eepwd1gwl@mp.nic.in**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 65** **ग्वालियर, दिनांक : 20.02.2023**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 15.09.22/25.03.22 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती है, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. विधानसभा-19 नगर पंचायत पिछोर डबरा जनपद पंचायत डबरा ग्वालियर में बली बाबा स्थान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य (विधायक निधि)।

| निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म | 1. ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) 2. अमानत राशि | 3. कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 4. निविदा प्राप्ति का दिनांक 5. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि स.क्र.-1 ग्वा. | 6. निविदा खोलने का दिनांक 7. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि स.क्र.-1 ग्वा. | 8. कार्य पूर्ण करने की अवधि 9. ठेकेदार की श्रेणी 10. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.89 लाख 20000/- | 27.02.2023 | **28.02.23** | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. विधानसभा-17 दक्षिण ग्वालियर के अंतर्गत सैयद बाबा कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीवॉल एवं फुटपाथ निर्माण कार्य (विधायक निधि)। | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 9.99 लाख 20000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. विधानसभा-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत बालाजीपुरम् वार्ड-61 में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य (विधायक निधि)। | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 8.48 लाख 18000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. विधानसभा-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत शंकरपुर नगर निगम वार्ड-64 में टंकी वाली गली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (विधायक निधि)। | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 5.96 लाख 12000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 5. विधानसभा-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम फूले का पुरा जनपद पंचायत मुरार में छोटेलाल के घर से बलराम के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण कार्य (विधायक निधि) | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 8.16 लाख 16000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 6. विधानसभा-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम फूले का पुरा जनपद पंचायत मुरार में बलराम के मकान से कारसदेव बाबा की ओर तक सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण कार्य (विधायक निधि)। | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 7.28 लाख 18000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 7. विधानसभा-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत चक दंगियापुरा जनपद पंचायत मुरार में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण एवं पेवर ब्लॉक कार्य सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य (विधायक निधि)। | | | | | |
| 2000/- ''अ'' | 9.96 लाख 20000/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | 03 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत - 9.99 लाख**

**कुल कार्य संख्या - 07**

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-23475/48216/2023** **लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1 ग्वालियर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, ग्वालियर
## निविदा विज्ञप्ति सूचना

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 66** **दिनांक : 20.02.2023**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन दिनांक 25.03.2022/15.09.2022 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती हैं, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेंगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फेर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर मुख्यालय उपसंभाग क्र.-1, ग्वालियर

| निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म | 1. ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि, स.क्र.-1 | 1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि, स.क्र.-1 | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.99 19980/- | 27.02.2023 | **28.02.23** | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 2. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फोर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2, ग्वालियर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.96 19920/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 3. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फोर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर पथ उपसंभाग, ग्वालियर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.97 19940/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 4. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फोर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर निर्माण उपसंभाग, ग्वालियर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.95 19900/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 5. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फोर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर विशेष कार्य उपसंभाग, ग्वालियर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.90 19800/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 6. बैरिकेडिंग/रैलिंग वर्क फोर व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एण्ड व्ही.आई.पी. मूवमेंट अण्डर डबरा उपसंभाग डबरा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- ''अ'' | 9.98 19960/- | 27.02.2023 | 28.02.23 | 01.03.23 | एक माह, केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**कुल कार्य - 6 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 9.99 लाख**
**टीप** - शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-23476/48217/2023** **लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1, ग्वालियर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

**Mail ID : eephvid@mp.nic.in**
**Fax No. : 07592-250663, Tel.No. : 07592-250663, VIDISH - 464001 (M.P.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायांवि/2022-23/विदिशा** **दिनांक : 14.02.2023**

## निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विकासखण्ड ग्यारसपुर के विभिन्न ग्रामों में ''जल जीवन मिशन'' के अंतर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2023 को सायं 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है :–

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | विकास खण्ड | ग्रामों की संख्या | अनुमानित लागत (PAC) (रु. में) | धरोहर राशि (EMD) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_ PHED_ 252630_1 | ग्यारसपुर | 05 | 20010216/- | 200102/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 2. | 2023_ PHED_ 252640_1 | ग्यारसपुर | 04 | 16835623/- | 168356/- | 12500/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित | |

**सदस्य सचिव**
**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री**
**जी-23520/48229/2023** **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड विदिशा (म.प्र.)**

# पी.एम. गति शक्ति में एमपी-टीएसयू की समिति पुनर्गठित

**भोपाल,** पीएम गति शक्ति योजना में डिजिटल प्लेटफार्म, बुनियादी ढांचा एवं कनेक्टिविटी की एकीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी की एकीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये स्टेट लेवल टेक्निकल सपोर्ट समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष, प्रबंध संचालन एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति सदस्यों में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध संचालक एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, प्रबंध संचालक स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन, प्रबंध संचालक एमपी रोड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन, प्रमुख अभियंता नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रमुख अभियंता जल संसाधन और विशेष आमंत्रित सदस्य, विभिन्न केंद्रीय/राज्य मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों और प्रख्यात शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख/विशेषज्ञ होंगे।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इंदौर

**eepwd1ind@mp.nic.in, Ph.No. 0731-2490978**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 88/व.ले.लि./2022-23** **इंदौर, दिनांक : 20.02.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | ऑनलाइन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_ PWDRB_ 254292_1 | पावर ग्रिड जलोद मार्ग लंबाई 1.75 कि.मी. बिसनखेड़ा पानोद मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. चौहानखेड़ी खेमाना मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. कुल लंबाई 7.75 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। तृतीय आमंत्रण | 421.67 | 421670/- | 15000/- | 180 दिन वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2023_ PWDRB_ 254293_1 | बिजलपुर निहालपुर मुण्डी कुष्ठधाम माचल मोरोद खण्डवा मार्ग कुल लंबाई 10.280 कि.मी. बी.टी./सी.सी. मार्ग का शेष भाग चैनेज 1680 से 2040 कुल 360 मीटर एवं चैनेज 2435 से 2920 कुल 485 मीटर कुल लंबाई 845 मीटर का निर्माण कार्य। तृतीय आमंत्रण | 105.94 | 105940/- | 12500/- | 180 दिन वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2023_ PWDRB_ 254294_1 | पालदा नायतामुण्डला मार्ग 3.80 कि.मी., देवगुराड़िया बिचौली मर्दाना मार्ग 100 कि.मी., पिवडाय खुड़ैल मार्ग 2.50 कि.मी. कुल 7.30 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य। | 146.91 | 146910/- | 12500/- | 90 दिवस वर्षाकाल रहित |
| 4. | 2023_ PWDRB_ 254295_1 | खेमाना आंक्या गोगाखेड़ी मार्ग 4, 6/8-10, 7/2 लंबाई 2.40 कि.मी. तथा उमरिया जामन्या मार्ग 1 से 2/8 लंबाई 1.74 कि.मी. कुल 4.14 कि.मी. मार्ग में डामर नवीनीकरण कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 36.90 | 50000/- | 5000/- | 60 दिवस वर्षाकाल रहित |
| 5. | 2023_ PWDRB_ 254296_1 | जिला उपसंभाग क्र.1 इंदौर अंतर्गत विभिन्न मार्ग - उमरिखेड़ा पहुंच मार्ग 0.60 कि.मी., (कि.मी. 1/2, 4, 6) मोरोद नेहरूवन मार्ग 1.30 कि.मी. (कि.मी. 1/8 (100 मी.), 1/10 से 2/10) बिहाड़िया सनावदिया मार्ग 2.00 कि.मी. (1, 2) कुल 3.90 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 33.79 | 50000/- | 5000/- | 60 दिवस वर्षाकाल रहित |
| | | **कुल योग** | **745.21** | | | |

1. उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अर्नेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि **दिनांक 21.02.2023 10.30 से दिनांक 28.02.2023 17.30 बजे तक** निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-23414/48214/2023** **लो.नि.वि. संभाग क्र.1, इंदौर**

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर
## पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2022-23
## CORRIGENDUM

स्वशासी समिति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत सत्र 2022-23 के लिए विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों स्ववित्तीय (Self finance) में प्रवेश हेतु आवेदन संबंधी प्रक्रिया में कुछ अपरिहार कारणों से काउंसिलिंग की तिथियों में संशोधित किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि | विवरण | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13.02.2023 | - | पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के आवेदन (प्रवेश) फार्म लेने हेतु। | पैरामेडिकल सेल |
| 2. | 24.02.2023 | **03.03.2023** | अंतिम तिथि फार्म लेने एवं जमा करने हेतु | |
| 3. | 25.02.2023 से 28.02.2023 | 06.03.2023 से 07.03.2023 | विलंब शुल्क के साथ फार्म लेने एवं जमा करने की तिथि हेतु। | |
| 4. | 15.03.2023 | 27.03.2023 | एस.सी. और एस.टी. वर्ग की काउंसिलिंग | फार्माकॉलोजी लेक्चर हॉल |
| 5. | 16.03.2023 | 28.03.2023 | ओ.बी.सी. और ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग काउंसिलिंग | |
| 6. | 17.03.2023 | 29.03.2023 | अनारक्षित वर्ग एवं विभागीय की काउंसिलिंग | |
| 7. | 27.03.2023 | 10.04.2023 | द्वितीय काउंसिलिंग | |
| 8. | 31.03.2023 | 17.04.2023 | मो-पप राउंड | |

इस संबंध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर की वेबसाइट **www.nscb.ac.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जी-23451/48215/2023** **नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर**

# पर्यावरण संरक्षण के अभियान में मध्यप्रदेश अग्रणी रहेगा - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने राजा भोज विमानतल परिसर में प्रकृति की सेवा संकल्प के 2 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के नियमित पौध-रोपण के संकल्प और उसके क्रियान्वयन के 2 वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी क्लाईमेट चेंज के खतरों को कम करने के लिए पर्यावरण-संरक्षण का अभियान संचालित कर रहे हैं। उनका मानना है कि हमें धरती को किसी भी तरह बचाना है। इसके लिए पौध-रोपण का अभियान निरंतर चलना चाहिए। भोजन की तरह ऑक्सीजन भी मनुष्य की आवश्यकता है। एक पेड़ पर न जाने कितनी जिन्दगियां पलती हैं। पेड़ छांव देने के साथ ही पक्षियों का बसेरा और असंख्य कीट-पतंगों का आश्रय स्थल और जीवन का आधार हैं। प्रधानमंत्री वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य का ध्यान रखते हुए विभिन्न स्तर पर पर्यावरण बचाने का कार्य कर रहे हैं। उनके संकल्प के अनुरूप मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका का निर्वाह करेगा।

**भोपाल में बनेगा सबसे बड़ा मानव निर्मित वन**

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल एयरपोर्ट के पास इस विशाल मानव निर्मित वन की देखभाल का दायित्व श्रीराम आस्था मिशन ने लिया है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा मानव निर्मित वन होगा। यहां कुल एक लाख 40 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। श्रीराम वन में 120 प्रजाति के पौधे रोपने की योजना है। पेड़-पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी मिशन की रहेगी।

**अंकुर अभियान में लगाए पौधों का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने बताया कि अंकुर अभियान में 15 लाख से अधिक लोगों ने सहभागिता की है। कुल 37 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। अभियान में इन पौधों का रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है। विदेश से आए अनेक लोगों ने अपने लगाए पौधों की जानकारी क्यूआर कोड से प्राप्त करने की सुविधा का उपयोग किया है। वायु दूत एप्लीकेशन इस कार्य में सहयोगी बनी है।

# मध्यप्रदेश में 3794 छात्र-छात्राओं को एक करोड़ 91 लाख की छात्रवृत्ति

**भोपाल,** श्रम कल्याण मंडल की शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना और शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में इस वर्ष 3794 छात्र-छात्राओं को एक करोड़ 91 लाख 21 हजार 150 रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है। शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना में 3561 विद्यार्थियों को एक करोड़ 65 लाख 87 हजार 150 रुपये तथा शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में 233 छात्र-छात्राओं को 25 लाख 34 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जा रही है। यह राशि मंडल के क्षेत्रीय कार्यालयों से वितरित की जा रही है।

मंडल की शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना और शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना इस वर्ष से मध्यप्रदेश लोक सेवा गांरटी स्कीम में शामिल की गई है। अगले वर्ष से इन दोनों योजनाओं में आवेदन पत्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से भरे जायेंगे। मण्डल द्वारा शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना में कक्षा 5वीं से उच्च शिक्षा स्तर तक दो हजार से 25 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति कक्षा वार प्रदान की जाती है। इसी तरह शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में स्नातक और ऊपर की कक्षाओं में 70 प्रतिशत तथा चिकित्सा शिक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 हजार से 25 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## मेडिकल और इंजीनियरिंग की चयन परीक्षा में

# सरकारी स्कूल के बच्चों की अलग से बनायेंगे मेरिट लिस्ट - मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन स्थित महिदपुर में राज्यस्तरीय रोज़गार दिवस कार्यक्रम में युवाओं को ऋण वितरित करते हुये।

**उज्जैन,** हम जनता की जिन्दगी बदलने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में एक परिवार की तरह सरकार चलाने के प्रयास जारी हैं। महाकाल महाराज से दिन-रात यही प्रार्थना करता हूं कि प्रदेश की जनता खुश रहे और उसका कल्याण हो। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर गरीब और किसानों की सहायता की जा रही है। गरीब महिलाओं के लिये लाड़ली बहना योजना बनाकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ बड़े पैमाने पर स्व-रोज़गार से जोड़ने आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन जिले के महिदपुर नगर में विकास यात्रा और राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस कार्यक्रम में स्वरोज़गार के लिए ऋण वितरित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक स्तर पर कार्य हो रहे हैं। जहां एक ओर सरकारी नौकरी के लिए सवा लाख भर्तियां की जा रही हैं, वहीं स्वरोज़गार के लिये अनेक योजनाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह देखने में आया है कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की चयन परीक्षा में सरकारी स्कूलों के बच्चों का प्रतिशत कम रहता है। इसके दृष्टिगत अब मध्यप्रदेश में नये नियम बना रहे हैं, जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चों के लिये अलग से मेरिट लिस्ट बनाई जायेगी।

- **मध्यप्रदेश में बेहतर अधोसंरचना विकास के उद्योगों की हो रही है स्थापना।**
- **मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 13 लाख से अधिक युवाओं को स्वरोज़गार के लिये वितरित किये 9868 करोड़ रुपये के ऋण।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब मध्यप्रदेश में हिन्दी में शुरू कर दी गई है। इससे हमारे गरीब किसान के बेटा-बेटी भी पढ़ाई कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने हमारी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। हमने इन योजनाओं को पुन: शुरू कर लाभ देना प्रारंभ कर दिया है। ऋण माफी के नाम पर जो किसान डिफाल्टर हुए हैं, उनके ब्याज की राशि राज्य सरकार भरेगी और किसानों को जीरो प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीर्थदर्शन योजना भी पुन: शुरू कर दी गई है। अब तीर्थयात्रियों को हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा करवायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आवासहीनों के लिये भी अभियान चलाया जा रहा है।

# चीतों के आने से कूनो सेंचुरी बनेगी एशिया के आकर्षण का केंद्र - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाये गये चीतों को मुक्त किया।

**श्योपुर,** भारत में चीता की वापसी से अब जैव विविधता की टूटी कड़ी फिर से जुड़ गई है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही संभव हो सका है। अब 20 चीते हो जाने से एशिया में कूनो सेंचुरी आकर्षण का केंद्र बनेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर स्थित कूनो सेंचुरी में दक्षिण अफ्रीका से आये 12 चीतों में से 2 चीतों को पिंजरे से मुक्त करते हुए कहीं। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की गरिमामयी मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री ने जैसे ही पिंजरे से चीते को छोड़ा, वह बाड़े में विचरण करने लगा। क्वारेंटाइन पीरियड खत्म होने के बाद इन्हें स्वछंद विचरण के लिए आजाद किया जायेगा।

- **श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीका महाद्वीप से चीते लाकर दोबारा बसाये गये।**
- **17 सितम्बर, 2022 को नामीबिया से 8 चीते कूनो नेशनल पार्क में लाये गये।**
- **अब 12 और चीते दक्षिण अफ्रीका से लाकर बसाये गये हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कूनो सेंचुरी में चीता प्रोजेक्ट लाकर बहुत बड़ी सौगात दी है। मैं प्रधानमंत्री का हृदय से आभार मानता हूं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका से आये 12 चीतों से कूनो सेंचुरी में 20 चीते हो गये हैं। मैं केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव को भी धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में आये 8 चीते प्राकृतिक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पर्यावरण को बचाने की सोच के साथ हमें सभी वन्य-प्राणियों को बचाना है। उन्होंने कहा कि कूनो पालपुर में चीता आने से पर्यावरण-संरक्षण के साथ टूरिज्म भी तेजी से बढ़ेगा। आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। यहां रेस्तरां, होटल, होम स्टे आदि अधोसंरचना विकास कार्य हो रहे हैं।

## जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक

# तम्बाकू उत्पादों पर ट्रैक एण्ड ट्रैस व्यवस्था लागू करें - वित्त मंत्री

**नई दिल्ली,** वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने जीएसटी काउंसिल से पान मसाला, गुटका एवं तम्बाकू उत्पादों पर कर अपवंचन की रोकथाम के लिए ट्रैक एण्ड ट्रैस व्यवस्था को शीघ्र लागू करने की जरूरत रेखांकित की है। श्री देवड़ा नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक में शामिल हुए। आयुक्त, वाणिज्यिक कर श्री लोकेश कुमार जाटव भी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश पान मसाला, गुटका एवं तम्बाकू उत्पादों पर कैपेसिटी लेवी पर बने मंत्रीमण्डल समूह का सदस्य रहा है।

बैठक में कर विवादों के त्वरित निपटारे के लिए जीएसटी ट्रिब्यूनल बेंच के गठन के संबंध में सुझाव देने के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समूह के प्रयास की सराहना की गई। श्री देवड़ा ने बेंच में तकनीकी सदस्य (राज्य) की नियुक्ति के लिए ग्रुप-A सेवा की अर्हता को स्पष्ट करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में ग्रुप A सेवा का कोई वर्गीकरण नहीं है। राज्य स्तरीय सर्च और सिलेक्शन समिति का गठन कर तकनीकी सदस्य (राज्य) की नियुक्ति का अधिकार राज्य को दिया जाना चाहिए।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डेवलपमेंट कोर ग्रुप का गठन

**भोपाल,** राज्य शासन ने प्रदेश में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्यों, केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा तथा जनोन्मुखी विकास के लिए आवश्यक योजनाओं/कार्यक्रमों की स्वीकृति की अनुशंसा किए जाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डेवलपमेंट कोर ग्रुप का गठन किया है। डेवलपमेंट कोर ग्रुप की बैठक वर्ष में दो बार होगी।

समिति में पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव वन, जल संसाधन, ऊर्जा, गृह, वित्त, लोक निर्माण, आदिम जाति कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य एवं महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्कूल शिक्षा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एएनओ, सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास कोर ग्रुप के सदस्य सचिव होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए हर गांव में बनेगी लाड़ली बहना सेना




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीधी जिले में विकास यात्रा के दौरान हितलाभ वितरित करते हुये।

**सीधी,** माता, बहनें और बेटियों का अभिनंदन करना एक सामाजिक क्रांति का शंखनाद है। माताएं और बहनें सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा और परिवार से प्रदेश और प्रदेश से देश सशक्त होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी जिले के चुरहट के लहिया गांव में विकास यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्र, जनहित योजनाओं का हितलाभ वितरण, विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का विकास और देश की इज्जत बढ़ाई है। हमारी माता-बहनें मातृशक्ति हैं, हमें इनका आदर करना चाहिए और उनको उनके अधिकार देकर सशक्त बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बहनों से आह्वान किया कि वे 'लाड़ली बहना सेना' का गठन करें और बहनों को अपने अधिकार, लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 और लाड़ली बहना योजना के लिए सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के लिए पंजीकृत करवाने में योगदान दें।

- **लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं को मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह।**
- **वृद्धावस्था पेंशन योजना में दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर किया जायेगा एक हजार रुपये।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधनों पर सबका बराबर का हक है। गरीबों को उनके हक से कोई वंचित नहीं कर सकता, यह शिव संकल्प है जिसको मैं पूरा करूंगा। प्रदेश में सभी का हक है कि उनके पास रहने के लिए जमीन हो, जिसमें वह अपनी जरूरत अनुसार रहने के लिए मकान बनवा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के मकान दिये जा रहे हैं। साथ ही भूमिहीन गरीबों को आवास के लिये पट्टा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में सभी पात्र परिवारों को नि:शुल्क अनाज बांटा जा रहा है। नागरिकों को नि:शुल्क इलाज का अधिकार देने आयुष्मान भारत योजना का सफल क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिफॉल्टर किसानों द्वारा लिये गये ऋण का ब्याज अब राज्य सरकार भरेगी। कोविड के दौरान अनाथ हुए बच्चों के अभिभावकों को हर महीने 5 हजार रुपये उनकी शिक्षा-दीक्षा के लिए दिये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ अब प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुरहट क्षेत्र 60 सालों तक विकास से वंचित रहा है। अब यहां विकास की गंगा बहेगी।

इंदौर नगर निगम

## सौर ऊर्जा के लिए ग्रीन बॉण्ड जारी कर रचा नया इतिहास - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन साधारण खतरे नहीं हैं। यदि इनसे निपटने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले समय में हम जीवन ढूंढते रह जाएंगे। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और इंदौरवासियों ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए ग्रीन बॉण्ड जारी करना कोई साधारण कार्य नहीं है। यह धरती को बचाने का महाअभियान है। ग्रीन एनर्जी की दिशा में इंदौर द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों को देखकर गर्व होता है। मेरे सपनों का शहर इंदौर, दुनिया के सपनों का शहर होगा। इंदौर ने नया इतिहास रचा है और कई शहरों को दिशा दिखाई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर नगर निगम द्वारा जारी ग्रीन बॉण्ड की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश गान के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बेल रिगिंग सेरेमनी में गोंग (घण्टा) बजाकर इंदौर नगर पालिक निगम के ग्रीन बॉण्ड की नेशनल स्टाक एक्सचेंज में लिस्टिंग की। उल्लेखनीय है कि इंदौर शहर की जल आपूर्ति के लिए इंदौर से 90 किलोमीटर दूर खरगोन जिले के जलूद जल संयंत्र से पानी लाने के लिए विद्युत व्यय को कम करने की दृष्टि से इंदौर नगर पालिका निगम द्वारा जलूद में 60 मेगावॉट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उसे क्रियान्वित करने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के उद्देश्य से ग्रीन बॉण्ड के पब्लिक इश्यू जारी कर धन एकत्र करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर लीक से हट कर सोचता है और लीक से हटकर कार्य करता है। इंदौर शहर की सिटी बस सेवा में सीएनजी बसों और इलेक्ट्रिक बसों का समावेश, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन के लिए 126 चार्जिंग स्टेशन तैयार करना, शहर के गीले कचरे के निपटान के लिए संयंत्र स्थापित कर उससे उत्पन्न होने वाली बॉयो सीएनजी का उपयोग सिटी बसों के संचालन के लिए करना, शहर में 100 अहिल्या वन और 4 नगर वन विकसित करना तथा शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पौधरोपण जैसे उल्लेखनीय कार्य हैं। इन नवाचारों से कार्बन उत्सर्जन को कम कर लगभग 4 लाख कार्बन क्रेडिट अर्जित किए जा चुके हैं। इनकी वैश्विक बाजार में ट्रेडिंग कर 9 करोड़ रुपये की आय अर्जित हुई है। नगर निगम इंदौर ने कार्बन उत्सर्जन को रोकने और कार्बन क्रेडिट अर्जित करने के लिए जो बिजनेस मॉडल बनाया है, वह अन्य निकायों को नए नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमृत और स्मार्ट सिटी मिशन के साथ शहरों को अपनी क्रेडिट रेटिंग कराना अनिवार्य किया था, जो म्यूनिसिपल बॉण्ड जारी करने की दिशा में पहला कदम था। इंदौर देश का ऐसा पहला नगर है जिसने राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज में अपने बॉण्ड की लिस्टिंग 2018 में करवाई थी। उन्होंने कहा कि हमें इस वर्ष 5 और महानगरों में यह लक्ष्य हासिल करना है। प्रदेश के बेहतर वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता से हम रोड मैप निर्धारित कर अगले 8-10 माह में यह उपलब्धि प्राप्त करेंगे।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

# मध्यप्रदेश में शराब के सभी अहाते और शॉप बार होंगे बंद

**भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में शराब को हतोत्साहित करने के लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। प्रदेश में शराब के सभी अहाते और शॉप बार बंद किए जाएंगे। मदिरा दुकानों में बैठ कर मदिरा पीने की अनुमति नहीं होगी। शराब की दुकान के लिये शैक्षणिक और धार्मिक संस्थानों के आसपास के 50 मीटर के दायरे को बढ़ाकर 100 मीटर किया जायेगा। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने एवं सजा के प्रावधान कड़े किए जाएंगे। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-**

- मंत्रिपरिषद ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 परिशिष्ट-1 में संशोधन करते हुए राहत राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार शरीर के किसी अंग अथवा आंख/आंखों की हानि के लिए 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत के बीच अपंगता होने पर 59 हजार 100 रुपये के स्थान पर 74 हजार रुपये प्रति व्यक्ति तथा 60 प्रतिशत से अधिक अपंगता होने पर 2 लाख रुपये के स्थान पर 2 लाख 50 हजार रुपये दिया जायेगा। इसी तरह गंभीर रूप से घायल, जो एक सप्ताह से अधिक दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने पर 12 हजार 700 रुपये के स्थान पर 16 हजार रुपये प्रति व्यक्ति तथा एक सप्ताह से कम अवधि के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर 4 हजार 300 रुपये के स्थान पर 5 हजार 400 रुपये प्रति व्यक्ति दिया जायेगा।
- कृषि योग्य भूमि वाले खेतों में रेत या पत्थर (3 इंच से अधिक) आ जाने पर पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि पर मलबा हटाने के लिये, फिश फार्म में डिसेल्टिंग या पुनर्स्थापन अथवा मरम्मत सफाई के लिये राहत 12 हजार 200 रुपये के स्थान पर 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जायेगा। इसी तरह भूस्खलन, हिमस्खलन, नदियों के रास्ता बदलने के कारण सीमांत या लघु कृषक के भूमि स्वामित्व की भूमि के नष्ट होने पर राहत 37 हजार 500 रुपये के स्थान पर 47 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जायेगा।
- दुधारु पशु गाय/भैंस/ऊंट आदि के लिए राहत राशि 30 हजार प्रति पशु के स्थान पर 37 हजार 500 रुपये एवं भेड़ बकरी/सूअर के लिए राहत 3 हजार रुपये के स्थान पर 4 हजार रुपये दिया जायेगा। गैर-दुधारु पशु ऊंट/घोड़ा/बैल/भैंसा आदि के लिए राहत राशि 25 हजार रुपये प्रति पशु के स्थान पर 32 हजार रुपये प्रति पशु किया जायेगा एवं बछड़ा (गाय, भैंस)/ गधा /पोनी/ खच्चर हेतु राहत 16 हजार रुपये प्रति पशु के स्थान पर 20 हजार रुपये दिया जायेगा। अस्थायी पशु शिविर में रखे गये बड़े पशुओं के लिए 70 रुपये पशु प्रतिदिवस के स्थान पर 80 रुपये एवं छोटे पशुओं के 35 रुपये प्रति पशु प्रति दिवस के स्थान पर 45 रुपये दिया जायेगा।
- नाव की आंशिक क्षति होने पर मरम्मत के लिए 4 हजार 100 रुपये के स्थान पर 6 हजार दिया जायेगा। जाल या अन्य उपकरणों की मरम्मत के लिये 2 हजार 100 रुपये के स्थान पर 3 हजार रुपये दिया जायेगा। नाव नष्ट होने पर रुपये 12 हजार रुपये के स्थान पर 15 हजार रुपये दिया जायेगा। इसी तरह नैसर्गिक आपदा यथा सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि से मछली पालने वालों को मछली बीज नष्ट होने पर प्रभावित को 8 हजार 200 रुपये के स्थान पर 10 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जाएगा।
- नैसर्गिक आपदा से प्रभावित बुनकर/परम्परागत शिल्प के क्षेत्र में काम करने वाले हस्तशिल्पी को उनके उपकरण/औजार और उनके द्वारा तैयार माल अथवा कच्चे माल के क्षतिग्रस्त होने पर कच्चे माल या धागा और अन्य तत्संबंधी रंग, रसायन आदि क्रय करने पर प्रति बुनकर/शिल्पी हेतु राहत राशि अधिकतम 4 हजार 100 रुपये के स्थान पर 5 हजार रुपये प्रति शिल्पकार दिया जाएगा।
- मंत्रिपरिषद ने पूर्ण नष्ट (मरम्मत योग्य नहीं) और गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त (जहां क्षति 50 प्रतिशत से अधिक हो) पक्के/कच्चे मकान के लिए वास्तविक क्षति के आकलन के आधार पर राहत राशि अधिकतम 95 हजार 100 रुपये के स्थान पर मैदानी इलाकों में 1 लाख 20 हजार एवं पहाड़ी क्षेत्रों में 1 लाख 30 हजार रुपये दी जायेगी। झुग्गी-झोपड़ी (झुग्गी/झोपड़ी से तात्पर्य है कच्चे घर से निम्नतर फूस मिट्टी प्लास्टिक सीट आदि से निर्मित घर) पूर्ण नष्ट होने पर राहत राशि 6 हजार के स्थान पर 8 हजार रुपये दी जायेगी। इसी तरह आंशिक क्षतिग्रस्त (जहां क्षति 15 प्रतिशत से 50 प्रतिशत हो) पक्के मकान के लिए राहत राशि 5 हजार 200 के स्थान पर 6 हजार 500 रुपये एवं कच्चे मकान के लिए 3 हजार 200 के स्थान पर 4 हजार रुपये दी जायेगी। साथ ही मकान से संलग्न पशु घर के लिये राहत राशि 2 हजार 100 के स्थान पर 3 हजार रुपये प्रति पशु घर दी जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश की लगभग 8,171 किलोमीटर सड़कों का कायाकल्प करने के लिए लोक निर्माण विभाग को 4 हजार 160 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश को उच्च गुणवत्ता की सड़कें प्रदान करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध बैंक ऑफ सैक्शन (सूचकांक पर आधारित) की सीमा में एकमुश्त छूट प्रदान की गई है। साथ ही सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 हजार 160 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी करने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत भी किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना के संचालन के लिये शासकीय सेवा के नियमित स्थापना के 1 हजार 92 पद तथा आउटसोर्स सेवाओं के 497 पद इस प्रकार कुल 1 हजार 589 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की है। सतना में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण से प्रदेश के छात्रों के लिये चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रम की अतिरिक्त 150 एम.बी.बी.एस. सीट्स उपलब्ध होगी।
- मंत्रिपरिषद ने ग्वालियर में नवीन तहसील ग्वालियर ग्रामीण के सृजन को मंजूरी दी है। साथ ही नवीन तहसील के लिए एक तहसीलदार, एक नायब तहसीलदार, एक सहायक ग्रेड-2 (प्रवाचक), दो सहायक ग्रेड-3 और 3 भृत्य इस प्रकार कुल 8 पदों की स्वीकृति दी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को 78 करोड़ रुपये की बोनस राशि वितरित



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लखनादौन में लघु वनोपज संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वनोपज से बने उत्पादों का अवलोकन करते हुये।

**सिवनी,** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनादौन में लघु वनोपज सहकारी समिति की क्षमता वृद्धि के लिए हुए प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम में 13 वनमण्डलों के प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के तेंदूपत्ता संग्राहकों को 78 करोड़ रुपये की बोनस राशि वितरित की। साथ ही विभिन्न विभागों के 298 करोड़ 49 लाख रुपये लागत के 48 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने लघु वनोपज संघ द्वारा निर्मित महुआ प्राश की लॉन्चिंग भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन उपज में आश्रित जनजातीय भाई-बहिनों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिये सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राज्य सरकार द्वारा जनजातीय बंधुओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिये लगातार प्रयास जारी है।

मुख्यमंत्री ने हर्रई बिजना माइक्रो इरिगेशन योजना को स्वीकृति प्रदान की। लखनादौन में खेल मैदान बनाए जाने सहित जिले के विकास के लिए अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए 2-2 करोड़ रुपये की राशि दी जायेगी।

- **मध्यप्रदेश में युवाओं को स्वरोज़गार से जोड़ने के लिये अनेक योजनाएं की गईं संचालित।**
- **प्रदेश में 1 लाख 14 हजार से अधिक शासकीय पदों पर की जा रही भर्तियां।**

श्री चौहान ने कहा कि अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा नियम के लागू हो जाने से जनजातीय भाई-बहनों को काफी सहूलियत होगी। उनके हितों के संरक्षण के लिये पेसा नियम लागू किया गया है। अब तेंदूपत्ता तोड़ने की जिम्मेदारी ग्रामसभा निभायेगी। इस कार्य के लिये तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उनकी मजदूरी राज्य सरकार देगी। वनोपज जैसे हर्रा, बहेड़ा, सालबीज, आंवला आदि का संग्रहण कर इन उत्पादों को बेचने की आजादी जनजातीय भाई-बहनों के पास होगी। इससे गांव का पैसा गांव में ही आयेगा। आपसी विवादों को सुलझाने के लिये ग्राम शांति निवारण समिति गठित होगी।

श्री चौहान ने कहा कि कर्ज न चुका पाने के कारण डिफाल्टर हुए किसानों का पूरा ब्याज सरकार भरेगी तथा किसानों को बिना ब्याज के कर्ज दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा बंद की गई सभी योजनाएं पुन: चालू कर दी गई हैं।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में

## अब तक 33.49 लाख हितग्राहियों का पंजीयन

**भोपाल,** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रारंभ से अब तक 33 लाख 49 हजार 753 हितग्राहियों का पंजीयन कर लगभग 1474 करोड़ 15 लाख रुपये की मातृत्व सहायता राशि वितरित की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 5 लाख 19 हजार 875 हितग्राहियों का पंजीयन कर 274 करोड़ 75 लाख रुपये की मातृत्व सहायता राशि का वितरण किया गया है। मध्यप्रदेश, देश में योजना क्रियान्वयन में निरंतर प्रथम स्थान पर बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा एक जनवरी 2017 से प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत लागू की गई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को मजदूरी की हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति पर गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारों में सुधार लाने के लिये पात्र हितग्राहियों को प्रथम गर्भावस्था पर 5 हजार रुपये की राशि 3 किस्त में प्रदान करने का प्रावधान किया था। योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद प्रावधानों में परिवर्तन किया गया। योजना में द्वितीय प्रसव पर बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाभ देने का प्रावधान किया गया। इस तरह प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना में प्रथम प्रसव पर 5 हजार रुपये की राशि 2 किस्त में दी जायेगी। द्वितीय प्रसव पर बालिका जन्म होने पर 6 हजार रुपये की राशि का लाभ एक किस्त में दिया जायेगा।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देश में प्रथम आने पर मध्यप्रदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं और बच्चों की संवेदनशील योजनाओं में मध्यप्रदेश दूसरे राज्यों के लिये उदाहरण बनेगा।

## पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान परिसर में स्पेशियलिटी वेलनेस सेंटर शुरू

**भोपाल,** आयुष विभाग ने भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान परिसर में 50 बिस्तरीय पंचकर्म सुपर स्पेशियलिटी वेलनेस सेंटर की शुरुआत की है। इसके निर्माण पर 9 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग की पीआईयू एजेंसी ने किया है तथा आंतरिक साज-सज्जा का कार्य मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा किया गया है।

इस चिकित्सालय को बनाये जाने का मकसद जन-सामान्य को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे भोपाल में पंचकर्म आधारित वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है। नवीन चिकित्सालय में उत्कृष्ट स्तर की पंचकर्म चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस केंद्र में पंचकर्म के साथ, पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, आयुर्वेद आहार (कस्टमाइज्ड डाइट), योग एवं ध्यान और फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में आयुर्वेद की विशिष्ट नाड़ी परीक्षा, प्राकृतिक परीक्षा तथा आधुनिक लैब जांचों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पंचकर्म केंद्र में केरल के थेरेपिस्ट की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# लामता पाइप सिंचाई परियोजना से होगा 55 गांवों में सिंचाई क्षेत्र का विस्तार

**बालाघाट,** लामता पाइप सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के 55 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। पाइप लाइन से होने वाली सिंचाई से पानी की बचत होगी, साथ ही सिंचाई भी दोगुना होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट जिले के विधानसभा परसवाड़ा में 146 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लामता पाइप सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रदेश की बहनों के लिये घोषित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं एवं बहनों के सशक्तिकरण की योजना है। महिलाओं के सशक्त होने से समाज सशक्त होगा। समाज के सशक्त होने से प्रदेश सशक्त होगा तथा प्रदेश के सशक्त होने से देश सशक्त होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना में 5 मार्च से पात्र बहनों के आवेदन भरे जाएंगे। मार्च एवं अप्रैल में आवेदन भरने का कार्य होगा और मई माह में उनका परीक्षण होगा। बहनों के खाते में 10 जून से 1000 रुपये भेजना प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजना में अब वृद्धजन को प्रतिमाह मिलने वाली 600 रुपये की राशि बढ़ाकर 1000 रुपये की जा रही है।

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार जनता की जिंदगी को बेहतर करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नई शराब नीति में जोड़े गए नये प्रावधान में एक अप्रैल से सभी मदिरा अहाते बंद किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट जिले में निवेश की संभावना बढ़ रही है। आगामी दिनों में प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्तियां होंगी। इसका क्रम जारी हो चुका है। उन्होंने आयुष एवं जल-संसाधन राज्यमंत्री की मांग पर लामता

- **मुख्यमंत्री ने लामता को तहसील बनाने की घोषणा की।**
- **कार्यक्रम के दौरान 678 करोड़ 57 लाख 60 हजार रुपये के 476 विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन और लोकार्पण।**

कॉलेज में जल्द ही एमए एवं एमएससी की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने भू-अधिकार आवासीय योजना, आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्ज न चुका पाने के कारण डिफाल्टर हुए किसानों का पूरा ब्याज राज्य सरकार भरेगी। उन्होंने 23 फरवरी को बालाघाट प्रशासन द्वारा किए जा रहे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के समारोह में विवाह-सूत्र में बंधने वाले नव जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बैहर एसडीएम को जाति प्रमाण-पत्र अभियान में बेहतर कार्य करने पर बधाई दी एवं सराहना की।

मुख्यमंत्री ने लामता में राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र, आजीविका मिशन की महिला समूहों को अनुदान राशि, उद्यान एवं कृषि विभाग की योजना के हितग्राहियों को अनुदान राशि वितरित की।

मुख्यमंत्री ने नवाचार के रूप में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागी बच्चों के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की जा रही निःशुल्क कोचिंग का रिमोट का बटन दबा कर शुभारंभ किया।

श्री चौहान ने बालाघाट जिले में मछुआरों की सुविधा के लिए बनाये गये निषादराज भवनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में किये गये इस नवाचार से मत्स्य-पालन को प्रोत्साहन और मछुआरों को मत्स्याखेट एवं अन्य कार्यों के लिए अच्छा वातावरण मिलेगा। जिले में 2 लाख 77 हजार रुपये की इकाई लागत वाले 100 निषादराज भवन बनाये गये हैं। साथ ही 96 भवनों की स्वीकृति दी गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)


## एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में शहडोल, कटनी, बैतूल, सागर, दमोह, खण्डवा, हरदा एवं विदिशा जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की ख़बरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय ख़बरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही ख़रीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध




एमी बेरा

## अमेरिकी उपसमिति के सदस्य बने

अमेरिका में भारतीय मूल के सांसद एमी बेरा को संसद की एक उपसमिति का सदस्य चुना गया है। उन्हें हिंद प्रशांत पर विदेश मामलों की उपसमिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए सर्वसहमति से चुना गया। हाल ही में उन्हें खुफिया मामलों की संसदीय समिति में शामिल किया गया था। बेरा ने कहा विदेश मामलों की समिति की हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति का सदस्य बन कर गर्व है।



नाइजीरिया में

## एक पैर से रस्सी कूदने का नया रिकॉर्ड बना

नाइजीरिया के 16 साल के गेबेंगा ईजेकील ने स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक मिनट में एक पैर पर 265 बार रस्सी कूदने (स्किप) का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। हाईस्कूल के छात्र ईजेकील ने बांग्लादेश के रसेल इस्लाम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। ईजेकील ने कहा कि वह भविष्य में अपने रस्सी कूदने के कौशल को और निखारेंगे और नया विश्व कीर्तिमान बनने का प्रयास करेंगे।



हर्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल

## 7.73 करोड़ में हुई नीलाम

अमेरिका के लास वेगास में 1908 की एक हर्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल रिकॉर्ड 7.73 करोड़ रुपये में बिकी। नीलामी में बिकने वाली यह सबसे महंगी मोटरसाइकिल हो गई है। मेकम नीलामी हाउस ने कहा कि यह निकल-प्लेटेड स्टील बैंड के कारण स्ट्रैप टैंक के रूप में जानी जाती है। पुरानी मोटरसाइकिलों की नीलामी पर नजर रखने वाली वेबसाइट ने कहा कि किसी नीलामी में इस मोटरसाइकिल की बिक्री अब तक की सबसे अधिक कीमत है। नीलामी हाउस के ग्रेग अर्नोल्ड ने कहा कि हमने इसकी अच्छी मार्केटिंग की है।



मैनहट्टन कोर्ट

## सौ वर्ष के इतिहास में पहली बार महिला की मूर्ति लगी

अमेरिका के ऐतिहासिक मैनहट्टन कोर्ट की बिल्डिंग में 100 साल बाद पहली बार महिला की मूर्ति को स्थान दिया गया। यह मूर्ति न्याय की देवी की है। 8 फीट की मूर्ति उस स्थान पर लगाई गई है, जहां महापुरुषों और महान न्यायविदों की प्रतिमाएं लगी हैं। सरकारी इमारतों और अन्य स्थानों पर महिलाओं की प्रतिमाओं को कम प्रतिनिधित्व मिलने के खिलाफ जागरूकता अभियान के बाद यह कदम उठाया गया है।



रेयाना बरनावी

## अंतरिक्ष में जाने वाली सऊदी की पहली महिला होंगी

सऊदी अरब ने पहली बार महिला अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने का फैसला किया है। रेयाना बरनावी सऊदी अरब की पहली अंतरिक्ष यात्री होंगी, जो इस साल के अंत में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगी। रेयाना बरनावी के साथ सऊदी अरब के अंतरिक्ष यात्री अली अल करनी भी अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे।



डॉक्टर सना रामचंद गुलवानी

## पाकिस्तानी प्रशासनिक सेवा की पहली हिंदू अफसर बनीं

डॉक्टर सना रामचंद गुलवानी पाकिस्तानी पंजाब के हसन अब्दाल शहर की सहायक आयुक्त और प्रशासक बनीं। सना अपने पहले प्रयास में ही सेंट्रल सुपीरियर सर्विसेज परीक्षा पास कर पाकिस्तान प्रशासनिक सेवा में शामिल हुईं। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली हिंदू महिला हैं।



जस्टिस सोनिया गोकानी

## गुजरात की पहली महिला चीफ जस्टिस होंगी

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने प्रयागराज, कोलकाता, छतीसगढ़, गुजरात और मणिपुर हाईकोर्ट में नये चीफ जस्टिस की नियुक्ति की सिफारिश की है। इसमें गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस सोनिया गोकानी को गुजरात हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की है। वे गुजरात की पहली महिला चीफ जस्टिस होंगी। जस्टिस गोकानी 2003 से 2018 के बीच आतंकवाद से जुड़े मामलों में कड़े फैसले सुनाने के लिए जानी जाती हैं।



प्रोफेसर अरविंद रमन

## भारतवंशी बने अमेरिका में कॉलेज के डीन


भारतीय मूल के प्रोफेसर अरविंद रमन को अमेरिका के इंडियाना प्रांत में स्थित पर्ड्यू यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का डीन घोषित किया गया है। दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक कर चुके रमन को यूनिवर्सिटी के अकादमिक मामलों के कार्यकारी उपाध्यक्ष पैट्रिक वोल्फ ने डीन घोषित किया था। वह अप्रैल से पदभार संभालेंगे।



लेफ्टिनेंट जनरल एमवीएस कुमार

## वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ नियुक्त

लेफ्टिनेंट जनरल एमवीएस कुमार को सेना कमांडर के पद पर प्रमोट किया गया है। साथ ही उन्हें नया वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ (स्ट्रैटजी) थे। उन्होंने आर्मी प्रशासन और अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर कश्मीर में आतंकियों का सफाया किया था।



निकोला स्टर्जन

## स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री ने इस्तीफा दिया

स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री निकोला स्टर्जन ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री और सत्तारूढ़ स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेता पद से इस्तीफा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि 8 साल तक एसएनपी का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी से मुक्त होने का यह सही समय है।



म्यांमार

## दुर्लभ रत्न मिला


म्यांमार में दुनिया का सबसे दुर्लभ रत्न क्यावथाइट मिला है। लाल-नारंगी रंग का पारदर्शी रत्न 0.3 ग्राम का है, इसे लॉस एंजिलिस के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय में रखा गया है। इसका नाम म्यांमार के मिनरलॉजिस्ट, पेट्रोलॉजिस्ट और जेमोलॉजिस्ट डॉक्टर क्याव थू के नाम पर रखा गया है। यह दुर्लभ खनिज म्यांमार के मोगोक क्षेत्र में नीलमणि शिकारियों ने खोजा था।



स्वाति दवे

## सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस की अध्यक्ष बनीं

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने स्वाति दवे को सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस के सलाहकार बोर्ड की अध्यक्ष नियुक्त किया है। दवे वर्तमान में एशिया सोसायटी ऑस्ट्रेलिया के उपाध्यक्ष के रूप में और ऑस्ट्रेलिया-चीन संबंध सलाहकार बोर्ड के नेशनल फाउंडेशन के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।



नील मोहन

## यूट्यूब के नये सीईओ बने


भारतीय मूल के नील मोहन को यूट्यूब का नया सीईओ बनाया गया है। नील गूगल में 2008 से काम कर रहे थे। साल 2013 में कंपनी ने उन्हें 544 करोड़ रुपये का बोनस दिया था। नील ने अपने कॅरियर की शुरुआत ग्लोरीफाइड टेक्निकल सपोर्ट से की थी। जहां उन्हें 60,000 डॉलर वेतन मिलता था। इसके बाद नील माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े, यहां 4 महीने काम करने के बाद वे वापस doubleclick Inc लौट आए। नील ने यहां 3 साल अपनी सेवाएं दीं।



अक्षय कुमार ने

## सेल्फी लेने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

सुपरस्टार अक्षय कुमार ने मुंबई में अपने फैन्स से मुलाकात के दौरान 3 मिनट में सर्वाधिक सेल्फी लेने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 3 मिनट में 184 सेल्फी लेकर यह रिकॉर्ड तोड़ा। आगामी फिल्म का प्रमोशन कर रहे अक्षय ने सेल्फी लेने का वीडियो एवं कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैन्स को शुक्रिया कहा। इससे पहले 2015 में हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने लंदन में सैन एंड्रियास के प्रीमियर में 3 मिनट में 105 सेल्फी के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था।



फ्रांस

## फैंटम ऑफ ओपेरा की 35वीं सालगिरह पर मेहमान बनने का मौका


वर्ष 1986 में रचे गए शानदार म्यूजिकल ओपेरा फैंटम ऑफ ओपेरा के प्रशंसक इसकी 35वीं सालगिरह पर पेरिस के शानदार थिएटर में ''बॉक्स ऑफ ऑनर'' में खास मेहमान बन सकते हैं। एक ट्रेवल साइट द्वारा इसके लिए 1 मार्च से बुकिंग शुरू होगी। मेहमान को 16 जुलाई की रात के लिए इस एक्सक्यूसिव प्राइवेट दर्शक दीर्घा में बने शानदार बेडरूम में रुकने का मौका मिलेगा। इस पैकेज में बैले डांसर्स के साथ लजीज डिनर भी शामिल है।



# स्मृति शेष

## पूर्व फुटबॉलर तुलसीदास बलराम का निधन

वर्ष 1962 में जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय फुटबॉल टीम के सदस्य तुलसीदास बलराम का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 1956 और 1960 ओलिंपिक में भारतीय टीम के सदस्य रहे थे। 1960 के रोम ओलिंपिक में उन्होंने हंगरी और पेरू के खिलाफ गोल भी किए थे।



## प्रख्यात पखावज वादक दिनेश प्रसाद मिश्र का निधन

लखनऊ में आयोजित सनतकदा फेस्टिवल में भाग लेने आए पखावज वादक दिनेश प्रसाद मिश्र का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। समारोह में प्रस्तुति देते वक्त उन्हें हार्ट अटैक आया था। पखावज वादक मिश्र एसएनए अवॉर्ड से भी सम्मानित थे। पखावज के अलावा वे अच्छे तबला वादक भी थे।




## क्रोएशिया के पूर्व फुटबॉल कोच ब्लेजविच का निधन

क्रोएशिया के राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व प्रबंधक मिरोस्लाव सिरो ब्लेजविच का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1960 के दशक में स्विट्ज़रलैंड से उन्होंने अपना कॅरियर शुरू किया था। उन्होंने क्रोएशिया, ईरान, बोस्निया और हर्जेगोविना की राष्ट्रीय टीमों और चीन की अंडर-23 टीम का नेतृत्व किया था।



## प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. कनक रेले का निधन

प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डॉ. कनक रेले का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रेले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। रेले ने सात साल की उम्र से नृत्य करना शुरू किया था, मुंबई विश्वविद्यालय से नृत्य में डॉक्टरेट करने के अलावा, मुंबई और ब्रिटेन में एक वकील थीं। लगभग आठ दशकों के लंबे और शानदार नृत्य कॅरियर में रेले को पद्म श्री, पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, कालिदास सम्मान, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी पुरस्कार और अन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया था।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.- 462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

## NOTICE INVITING TENDER No. 207/MTN/2023

**No./2456/D-12/NIT-Maint./2023** **Bhopal, Dated : 21.02.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

**1. Table No. 1 :- Name of Work – POST 5 YEAR**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Agar Malwa | 3 | 34448754.00 |
| 2. | Balaghat | 2 | 11305087.00 |
| 3. | Chhindwara | 7 | 107575297.00 |
| 4. | Dewas | 7 | 60679654.00 |
| 5. | Dhar | 4 | 55129729.00 |
| 6. | Dindori | 2 | 34274583.00 |
| 7. | Harda | 3 | 11883585.00 |
| 8. | Indore | 1 | 6828859.00 |
| 9. | Jabalpur | 1 | 11570472.00 |
| 10. | Jhabua | 1 | 27980371.00 |
| 11. | Katni | 1 | 3660689.00 |
| 12. | Khandwa | 1 | 3263468.00 |
| 13. | Mandsaur | 1 | 9316896.00 |
| 14. | Neemuch | 1 | 4124257.00 |
| 15. | Narsinghpur | 5 | 24401587.00 |
| 16. | Panna | 1 | 3427198.00 |
| 17. | Raisen | 2 | 10046233.00 |
| 18. | Rajgarh | 1 | 8261246.00 |
| 19. | Ratlam | 1 | 8238234.00 |
| 20. | Rewa | 2 | 15830079.00 |
| 21. | Sagar | 3 | 21050075.00 |
| 22. | Satna | 1 | 4069699.00 |
| 23. | Seoni | 3 | 28239587.00 |
| 24. | Shajapur | 5 | 43033294.00 |
| 25. | Shivpuri | 1 | 3342229.00 |
| 26. | Singrauli | 3 | 22865005.00 |
| 27. | Ujjain | 8 | 36232303.00 |
| 28. | Vidisha | 1 | 2803370.00 |

**2. Table No. 2 :- Name of Work – POST 10 YEAR**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 5 | 51045355.00 |
| 2. | Burhanpur | 1 | 8223623.00 |
| 3. | Chhindwara | 2 | 24797274.00 |
| 4. | Dewas | 2 | 32559139.00 |
| 5. | Khandwa | 7 | 71721655.00 |
| 6. | Narsinghpur | 1 | 15761291.00 |
| 7. | Raisen | 1 | 1033918.00 |
| 8. | Rewa | 1 | 1975491.00 |
| 9. | Sagar | 2 | 20203564.00 |
| 10. | Satna | 1 | 837114.00 |
| 11. | Sidhi | 1 | 2749314.00 |
| 12. | Shajapur | 1 | 4972208.00 |
| 13. | Shahdol | 1 | 11853739.00 |
| 14. | Singrauli | 1 | 3031636.00 |
| 15. | Ujjain | 1 | 3384844.00 |
| 16. | Vidisha | 1 | 7383870.00 |

**3. Table No. 3 :- Name of Work – POST 15 YEAR**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 3603387.00 |
| 2. | Chhindwara | 3 | 41486651.00 |
| 3. | Datia | 1 | 18274253.00 |
| 4. | Dewas | 4 | 67072654.00 |
| 5. | Jabalpur | 1 | 21029133.00 |
| 6. | Jhabua | 1 | 24342372.00 |
| 7. | Neemuch | 1 | 22148642.00 |
| 8. | Satna | 1 | 1031935.00 |
| 9. | Shajapur | 2 | 13370569.00 |
| 10. | Singrauli | 1 | 11958565.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **23.02.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/108643/48220/2023 **ENGINEER IN CHIEF**

# M.P. POWER GENERATING CO. LTD.

**(A Government of M.P. Undertaking)**
**Block No. 9, Shakti Bhawan, Vidyut Nagar, Rampur, Jabalpur-482008**
**Adv. No. ED (HR&A)/MPPGCL/Rectt./2022-23/764 Jabalpur, Dtd. : 21.02.2023**

## POWERFUL CAREERS WITH POWER SECTOR COMPANIES OF GOVT. OF M.P.

M.P. Power Generating Co. Ltd. (MPPGCL), on behalf of the following wholly owned Power Companies of GoMP, invites applications for selection and appointment against various cadres/ posts, on regular and contract basis, as given below :-

| S.N. | Name of The Company |
|---|---|
| 1. | M.P. Power Generating Co. Ltd. |
| 2. | M.P. Power Transmission Co. Ltd. |
| 3. | M.P. Power Management Co. Ltd. |
| 4. | M.P. Poorv Kshetra Vidyut Vitaran Co. Ltd. |
| 5. | M.P. Madhya Kshetra Vidyut Vitaran Co. Ltd. |
| 6. | M.P. Pashchim Kshetra VIdyut Vitaran Co. Ltd. |

**Details of Posts :-**

| Post | Post Code | Total |
|---|---|---|
| **Regular Posts** | | |
| Assistant Engineer/Manager (Technical/ Distribution/Transmission) (Electrical) –Trainee | 001 | 13 |
| Assistant Engineer/Manager (Civil) – Trainee | 003 | 06 |
| Accounts Officer/Manager (Finance) – Trainee | 004 | 46 |
| Fire Officer – Trainee | 005 | 02 |
| Law Officer– Trainee | 006 | 02 |
| Shift Chemist– Trainee | 007 | 15 |
| Manager (HR) – Trainee | 008 | 10 |
| Junior Engineer (Plant) (Mechanical) – Trainee | 009 | 53 |
| Junior Engineer (Plant) (Electronics) – Trainee | 010 | 17 |
| Junior Engineer/Assistant Manager (Plant/ Distribution/Transmission/Technical) (Electrical) – Trainee | 011 | 240 |
| Junior Engineer/Assistant Manager (Civil) - Trainee | 012 | 40 |
| **Contract Posts** | | |
| Management Executive | 013 | 4 |
| Law Officer/Legal Executive | 014 | 4 |
| Manager (HR) | 015 | 1 |
| | **Total** | **453** |

Please visit CAREERS link on MPPGCL's website **(www.mppgcl.mp.gov.in)** for viewing detailed eligibility criteria, age limits, other terms & conditions, selection process, etc., and for applying online. **Applications will be accepted online only**. Any further addendum/ corrigendum/updates will be published on our website **(www.mppgcl.mp.gov.in)** only.

**Important Dates:- Application Portal will remain open from 24.02.2023 to 16.03.2023.**

M.P. Madhyam/108647/48223/2023 **CHIEF ENGINEER (HR & A)**

# कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति भीकनगांव, जिला- खरगोन (म.प्र.)

**क्रमांक/मंडी/निर्मा./2022-23/1867** **भीकनगांव, दिनांक : 17.02.2023**

## निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2022_MPSAM_239427 निविदा सिस्टम क्रमांक 2022_MPSAM_239429 एवं निविदा सिस्टम क्रमांक 2022_MPSAM_253495 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं **दिनांक 17.03.2023 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी। **नोट:-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/108655/48224/2023 **सचिव**


**SHREE GROUP OF INSTITUTES, INDORE**

Village jakhariya Near Aurvindo hospital Indore Ujjain Highway, Indore-453555

APPOINTMENTS

Applications are invited for faculty position in MBA Program

**SHREE INSTITUTE OF PROGRESSIVE STUDIES,INDORE**

DIRECTOR, PROFESSORS, ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSORS

**SHREE INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES,INDORE**

DIRECTOR, PROFESSORS, ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSORS

NOTE:
* ELIGIBILITY as per AICETE and DAVV COLLEGE CODE-28
* Application have to compulsorily submit their CV as an attechment in PDF or DOC.
* Candidates interested for Adjutant/Visiting/Part Time position may also apply .

Send your CV with testimonials at above address within 10 days, Email **sipsindore370@gmail.com** college campus time 9am to 5pm phone no. 8359860600, 9826600760

MARUTI Advt.


# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री संभाग क्रमांक - 01**
**कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि कॉटेज रतन कॉलोनी कटंगा, जबलपुर, पिनकोड-482002 (म.प्र.)**
**फोन : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com**

## निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-01 के अंतर्गत अजाक थाना भवन, मदन महल, जबलपुर के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 30 वर्ष 2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_254274_1) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.03.2023 तक** खरीदकर सायं 17:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/108644/48221/2023 **परियोजना यंत्री**


**MODERN GROUP OF INSTITUTIONS, INDORE**

Affilliated to RGPV, Bhopal & DAVV, Indore I Approved by AICTE, NCTE & PCI, New Delhi

**VACANCIES**

**Modern Institute of Pharmaceutical Sciences, Indore**

**Professor/Associate Professor/Assistant Professor**

Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology, Phamacognosy, English & IT Faclulty, Pharmaceutical Management (Marketing, Finance, QT, Operation Research, HR, OB, English, IT)

**Modern Institute of Professional Studies, Indore**

**Professor/Associate Professor/Assistant Professor**

Management (All Subjects Including English & IT Faculty)

**Modern Institute of Professional Sciences, Indore**

**Professor/Associate Professor/Assistant Professor**

Management/ Commerce/Education (All Subjects Including English & IT Faculty)

(Eligibility - As per PCI, UGC, AICTE, NCTE guidelines)

Send your CV within 7 days of Publication at career@moderninstitutes.net

Add : MODERN CAMPUS : Alwasa, Behind Rewati Ranges, Sanwer Road, Indore

R-48218/2023 deepak


# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03, भोपाल**
**Mob. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com**

**क्र.-मप्रपुआअविनि/197/पयं/भोपाल-03/तशा/2023** **भोपाल, दि. : 24.02.2023**

## प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत निविदा क्रमांक.-21/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-255430, 255431) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.03.2023 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108706/48227/2023 **परियोजना यंत्री**

# म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)**
**फोन : 9425601556**

## प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत विशेष मरम्मत कार्य थाना हनुमना जिला रीवा, कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MP-PHCL/TENDER NO. 2023_MPPHC_254796_1, आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.03.2023 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108669/48225/2023 **परियोजना यंत्री**

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011**

## NOTICE INVITING TENDER No. 1071

**(RCPLWEA-Bridge) (Batch-I, Year 2022-23)**

**No./2459/22/D-12/MPRRDA/2023** **Bhopal, Dated : 21.02.2023**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Bridges | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 15 | 17 | 863373000.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **23.02.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **10.03.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/108646/48222/2023

## मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

# ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाला ओरछा नगर है निवाड़ी जिले की पहचान

निवाड़ी, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 01 अक्टूबर 2018, को टीकमगढ़ जिले से अलग करके किया गया था। मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से में स्थित इस जिले के उत्तर में दतिया, पश्चिम में शिवपुरी, दक्षिण में टीकमगढ़ जिला तथा पूर्व में उत्तरप्रदेश स्थित है। यह राज्य का 52वां जिला है। इस जिले के अंतर्गत, पृथ्वीपुर तहसील की 56 , निवाड़ी की 54 और ओरछा की 17 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं। इस प्रकार जिले में कुल 127 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। यह जनसंख्या और क्षेत्रफल दोनों ही मामलों में मध्यप्रदेश का सबसे छोटा जिला है। बेतवा नदी इस जिले से गुजरती है, इस नदी के किनारे पर ओरछा शहर बुंदेलखंड के प्राचीन राजाओं द्वारा बसाया गया था।

ओरछा नगर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कारण देश-विदेश में प्रसिद्ध है। ओरछा का श्री रामराजा मंदिर, देश का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है और वह भी एक महल में। निवाड़ी जिले के लाडपुरा खास गांव को यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन द्वारा 'बेस्ट टूरिज्म विलेज' की श्रेणी में नॉमिनेट किया गया था।

### इतिहास

निवाड़ी वर्ष 2018 से पहले टीकमगढ़ जिले का हिस्सा हुआ करता था। इतिहास में यह क्षेत्र ओरछा रियासत का भाग था। बेतवा नदी के तट पर बसे ओरछा राज्य की स्थापना 16वीं शताब्दी में राजा रुद्रप्रताप सिंह बुंदेला ने की थी। सन् 1783 में ओरछा के शासक विक्रमजीत सिंह बुंदेला (1776-1817 ई.) ने ओरछा से अपनी राजधानी टेहरी जिला टीकमगढ़ में स्थानांतरित कर दी थी। यहां, बेतवा नदी सात चैनलों में विभाजित होती है, जिसे सतधारा भी कहा जाता है। किंवदंती है कि यह ओरछा के सात तत्कालीन प्रमुखों के सम्मान में है। रुद्रप्रताप के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र भारती चंद्र ओरछा के शासक हुए।

आजादी के बाद मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के समय 1 नवंबर, 1956 को टीकमगढ़ को जिला बनाया गया और इसकी निवाड़ी तहसील को 01 अक्टूबर, 2018 को सागर संभाग के एक जिले के रूप में मान्यता दी गई।

### अर्थव्यवस्था

निवाड़ी जिला जलोढ़ मिट्टी वाला क्षेत्र है। यहां मुख्य रूप से गेहूं और चने की खेती की जाती है।

निवाड़ी कंस्ट्रक्शन स्टोन के निर्माण में एक अग्रणी जिला है। यहां का कंस्ट्रक्शन स्टोन पूरे भारत में निर्यात होता है। यहां पर अभ्रक, डायोस्फर, चूना पत्थर, गोरा पत्थर, रॉक फॉस्फेट, पायरोफ्लाइट आदि खनिज प्रमुख रूप से पाए जाते हैं। निवाड़ी जिले का प्रतापपुरा प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है।

### जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 01 अक्टूबर 2018
2. संभाग- सागर
3. जिला मुख्यालय- निवाड़ी
4. क्षेत्रफल- 1170 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 4,04,807
6. तहसीलें- 3 (निवाड़ी, पृथ्वीपुर एवं ओरछा)
7. विकासखंड- 3
8. ग्राम- 281
9. नगर पंचायत- 5
10. जनपद पंचायत- 2
11. विधानसभा क्षेत्र- 2 (निवाड़ी एवं पृथ्वीपुर)
12. लोकसभा क्षेत्र- 01 (टीकमगढ़)
13. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली

**(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)**

### अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- निवाड़ी जिले में स्थित ओरछा नगर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाला नगर है। यहां की प्राचीन इमारतें और स्मारक आज भी अपनी मूल भव्यता को बरकरार रखे हुए हैं। ओरछा को मध्यप्रदेश की अयोध्या नगरी कहा जाता है। यहां देश का पहला रामायण कला संग्रहालय स्थापित है।
- ओरछा का श्री रामराजा मंदिर सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थ है। यहां नियमित रूप से बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। देश में यह एकमात्र मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। प्रतिदिन एक गार्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया जाता है, पुलिसकर्मियों को मंदिर में गार्ड के रूप में नामित किया गया है, इनके द्वारा भगवान राम को प्रतिदिन सशस्त्र सलामी दी जाती है।
- ओरछा में स्थित एक और प्रमुख तीर्थ स्थल चतुर्भुज मंदिर का निर्माण यहां के तत्कालीन राजा मधुकर शाह ने करवाया था। वे इस मंदिर में अयोध्या से लाई गई भगवान राम की प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस प्रतिमा की स्थापना महल में करनी पड़ी, जिसे अब राम राजा मंदिर के रूप में जाना जाता है। चतुर्भुज मंदिर में भगवान विष्णु की स्थापना की गई है।
- ओरछा में स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर महाराजा वीर सिंह देव ने निर्मित कराया था। इस मंदिर में अद्वितीय वास्तुकला देखने को मिलती है। यहां भित्तिचित्र भी मौजूद हैं। ओरछा गांव के पश्चिम की ओर पहाड़ी पर बने इस मंदिर की वास्तु संकल्पना अद्भुत है।
- बेतवा नदी के तट पर स्थित ओरछा के भव्य किले का इतिहास 16वीं शताब्दी का माना जाता है। बाद में इसमें कई इमारतें बनती चली गईं। इस किला परिसर में राजा महल, जहांगीर महल, शीश महल, राय प्रवीण महल, बारूदखाना, तोपखाना, शिव मंदिर सहित कई स्मारक हैं।
- ओरछा में स्थित फूलबाग का निर्माण बुंदेला राजाओं द्वारा करवाया गया था। यह फूलों का बगीचा चारों ओर से दीवारों से घिरा है। पालकी महल के निकट स्थित यह बाग बुंदेला राजाओं का आरामगाह था। वर्तमान में यह पिकनिक स्थल के रूप में जाना जाता है। फूलबाग में एक भूमिगत महल और आठ स्तम्भों वाला मंडप है। यहां के चंदन कटोर से गिरता पानी झरने के समान प्रतीत होता है।
- निवाड़ी जिले का एक और प्रमुख दर्शनीय स्थल गढ़कुंडार का किला है। यह एक ऊँची पहाड़ी पर स्थित है, जो सुरम्य पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है। यहां किले के अलावा, विभिन्न प्राचीन संरचनाओं के अवशेष भी देखे जा सकते हैं। यहां पर गिद्ध वाहिनी देवी का प्राचीन मंदिर और कुंड भी है।
- निवाड़ी जिले के लाडपुरा खास गांव को यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन द्वारा 'बेस्ट टूरिज्म विलेज' की श्रेणी में नामांकित किया गया था। गांव में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होम स्टे तैयार किए गए हैं। इनके जरिये यहां पर्यटकों को सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ ग्रामीण जीवन, ग्राम्य संस्कृति और खान-पान का लुत्फ उठाने का मौका मिल रहा है।
- पृथ्वीपुर के पास मड़िया ग्राम से 3 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित अछरू माता का मंदिर है। मंदिर एक कुंड के लिए भी प्रसिद्ध है, जो सदैव जल से भरा रहता है। हर साल नवरात्रि पर यहां मेला लगता है।
- ओरछा में सातार नदी के तट पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जंगल में अपना अज्ञातवास का समय व्यतीत किया था। उनकी स्मृति में अब इस स्थान को सातार पार्क के नाम से जाना जाता है। यहां चंद्रशेखर आजाद की कुटिया, कुआं और उनके द्वारा स्थापित मंदिर मौजूद है।

**- रीता मोदी**

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)



# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

**क्रमांक 14729/22/20228/चयन** **इंदौर, दिनांक 17.02.2023**

## पदनाम - क्षय रोग विशेषज्ञ

## चयन-सूची (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में विज्ञापित पद - **क्षय रोग विशेषज्ञ** के कुल - 13 पद (अनारक्षित-04, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-02, अ.पि.वर्ग-04, ई.डब्ल्यू.एस.-01) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित-01, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01, अ.पि.वर्ग-01, ई.डब्ल्यू.एस.-निरंक (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद अस्थिबाधित-01, दृष्टिबाधित-निरंक, श्रवणबाधित-निरंक एवं बहु-दिव्यांग-निरंक पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 15.02.2023** को आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें के पत्र क्रमांक/1-जी/विज्ञप्ति/सेल-संविदा/2022/1655 दिनांक 18.11.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01.09.2022 दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 24.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

**क्षय रोग विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कुल पदों की संख्या** | 4 | 2 | 2 | 2 | 1 | 11 |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | |
| कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | 1 | | |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | Seat | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 6705 | ANKIT SINGH TOMAR | M | | UNR | UNR |
| 2. | 6735 | RONAK JAIN | M | प्रावधिक | UNR | UNR |
| 3. | 6730 | MANOJ KINKAR | M | | OBC | OBC |
| 4. | 6710 | ANKITA AWADHIYA | F | | UNRF | UNR |
| 5. | 6726 | HEMANT KUMAR MAHOR | M | | SC | SC |
| 6. | 6731 | DEEP PAWAR | F | | OBCF | OBC |
| 7. | 6703 | LUV KUMAR YADAV | M | प्रावधिक | SC | SC |
| 8. | 6701 | FAISAL PATEL | M | | UNRHO अस्थिबाधित | OBC |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 6714 | ADITYA SHARMA | M | प्रावधिक | UNR |
| 2. | 6702 | SHERU SINGH RAJPUT | M | प्रावधिक | OBC |
| 3. | 6723 | SUNIL YADAV | M | प्रावधिक | OBC |
| 4. | 6708 | VINOD KUMAR KURMI | M | प्रावधिक | OBC |
| 5. | 6711 | DR. MUDRA KHARE | F | प्रावधिक | UNR |
| 6. | 6732 | RISHI KANT AHARWAL | M | | SC |
| 7. | 6734 | VIJAY MARMAT | M | | SC |

**टीप :-**

1. म.प्र. शासन, सामान्य शासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरा गया है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से शुद्धिपत्र दिनांक 24.11.2022 में उल्लेखित मुख्य भाग-87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 11 पदों में से 03 पद (अ.ज.जा.-02, ई.डब्ल्यू.एस.-01) पर्याप्त संख्या में योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019, डब्ल्यू.पी. 27744/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

**जी-23521/48230/2023** **सचिव**

## राज्य पात्रता, सहायक प्राध्यापक, यूजीसी नेट एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# विषय - वाणिज्य

**1. प्रबंधकीय लेखाविधि प्रबंध की सहायता करती है -**
(A) केवल नियोजन में (B) केवल निर्देशन में
(C) केवल नियंत्रण में
(D) नियोजन, निर्देशन तथा नियंत्रण सभी में।
उत्तर- (D)

**2. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है -**
(A) प्रबंधकीय लेखाविधि का उद्देश्य प्रबंध में निर्णय लेने, नीतियां बनाने तथा योजना तैयार करने में सहायता की दृष्टि से लेखांकन सूचनाएं प्रदान करना है।
(B) प्रबंधकीय लेखाविधि प्रबंध के प्रति लेखांकन सेवा का कार्य है।
(C) प्रबंधकीय लेखाविधि किसी भी तथ्य के कारण एवं प्रभाव के विश्लेषण पर विशेष जोर देती है।
(D) सभी कथन सत्य हैं।
उत्तर- (D)

**3. प्रबंधकीय लेखाविधि के यंत्र तथा तकनीक में शामिल है -**
(A) लागत लेखांकन तकनीक
(B) बजटरी नियंत्रण
(C) सीमांत लागत
(D) ये सभी।
उत्तर- (D)

**4. तरल सम्पत्तियों में शामिल है -**
(A) हस्तस्थ रोकड़ (B) बैंक में रोकड़
(C) व्यापारिक प्राप्य (D) ये सभी।
उत्तर- (D)

**5. देनदारों का संग्रह -**
(A) चालू अनुपात घटाता है
(B) चालू अनुपात बढ़ाता है
(C) चालू अनुपात पर कोई प्रभाव नहीं डालता है
(D) स्थायी सम्पत्ति को बढ़ाता है
उत्तर- (C)

**6. निम्न में से किस अनुपात को अम्ल परख अनुपात भी कहते हैं -**
(A) चालू अनुपात
(B) शोधन क्षमता अनुपात
(C) तरल अनुपात
(D) ऋण समता अनुपात
उत्तर- (C)
व्याख्या- तरल अनुपात को अम्ल परख अनुपात या त्वरित अनुपात भी कहते हैं।

**7. निम्न में से किस विश्लेषण के माध्यम से प्रबंध की कार्य निष्पादन क्षमता को मापा जाता है -**
(A) सम विच्छेद विश्लेषण
(B) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण
(C) डू पॉण्ट विश्लेषण (DU-PONT Analysis)
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C)

**8. स्कन्ध (Stock) का सही उपयोग हो रहा है या नहीं, इस बात को ज्ञात करने के लिए निम्न में से कौन सा अनुपात निकाला जाता है -**
(A) देनदार आवर्त अनुपात
(B) लेनदार आवर्त अनुपात
(C) सकल लाभ अनुपात
(D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (D)
व्याख्या- स्कन्ध आवर्त अनुपात ज्ञात करना होता है।

**9. चालू अनुपात का आदर्श स्तर है -**
(A) 0.5 : 1 (B) 1 : 1
(C) 1.5 : 1 (D) 2 : 1
उत्तर- (D)

**10. चालू दायित्व में शामिल है -**
(A) व्यापारिक देय (B) पूर्वदत्त व्यय
(C) ऋणपत्र (D) ये सभी।
उत्तर- (A)

**11. "लाभ वह इंजन है जो व्यावसायिक उपक्रम को गति प्रदान करता है।" यह कथन किसका है -**
(A) लार्ड कीन्स (B) जे. बैट्टी
(C) जॉन सीजर (D) मार्शल
उत्तर- (A)

**12. सकल लाभ अनुपात का सूत्र है -**
(A) $\frac{\text{सकल लाभ x 100}}{\text{उधार बिक्री}}$
(B) $\frac{\text{सकल लाभ x 100}}{\text{नगद बिक्री}}$
(C) $\frac{\text{सकल लाभ x 100}}{\text{शुद्ध बिक्री}}$
(D) $\frac{\text{सकल लाभ x 100}}{\text{बिक्री की लागत}}$
उत्तर- (C)

**13. वह अनुपात जो संचालन लागत तथा शुद्ध विक्रय की राशि के मध्य संबंध दर्शाता है, निम्न में से कौनसा है -**
(A) शुद्ध संचालन लाभ
(B) शुद्ध लाभ अनुपात
(C) सकल लाभ अनुपात
(D) परिचालन (operating) अनुपात
उत्तर- (D)

**14. वह अनुपात जो प्रति समता अंश बाजार मूल्य तथा प्रति समता अंश अर्जन (Earning) में संबंध स्थापित करता है, कहलाता है -**
(A) अर्जन आय अनुपात
(B) लाभांश आय अनुपात
(C) शोधन क्षमता अनुपात
(D) मूल्य अर्जन अनुपात
उत्तर- (D)

**15. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है -**
(A) चालू अनुपात के दो तत्व स्थायी सम्पत्तियां एवं चालू सम्पत्तियां होते हैं।
(B) त्वरित अनुपात चालू अनुपात की तुलना में तरलता की अधिक कठोर जांच माना जाता है।
(C) देनदार आवर्त अनुपात निष्पादन (Performance) के अनुपात में शामिल है।
(D) लेनदार आवर्त अनुपात उधार क्रय तथा औसत लेनदारों के मध्य संबंध स्थापित करता है।
उत्तर- (A)
व्याख्या- चालू अनुपात के दो तत्व चालू सम्पत्तियां तथा चालू दायित्व होते हैं।

**16. लेखांकन मानक-3 [As-3] के अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण में रोकड़ प्रवाह को कितनी क्रियाओं के अंतर्गत विभाजित किया जाता है -**
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4
उत्तर- (C)
व्याख्या- तीन वर्ग हैं - 1. परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह 2. विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह तथा 3. वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह

**17. निम्नलिखित में से कौनसा रोकड़ अंतर्वाह (Cash Inflow) नहीं है -**
(A) अंशों का निर्गमन
(B) स्थायी सम्पत्ति की बिक्री
(C) देनदारों में कमी
(D) लेनदारों में कमी
उत्तर- (D)

**18. यदि कुल बिक्री 5,30,000 हो, बिक्री वापसी 30,000 हो तथा शुद्ध बिक्री की लागत [cost of net goods sold] रु. 4,00,000 हो तो सकल लाभ अनुपात होगा -**
(A) 20% (B) 22%
(C) 25%
(D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (A)
हल- सकल लाभ अनुपात = $\frac{\text{सकल लाभ x 100}}{\text{शुद्ध बिक्री}}$
सकल लाभ = शुद्ध बिक्री - शुद्ध बिक्री की लागत
शुद्ध बिक्री = कुल बिक्री - बिक्री वापसी
= 530000 - 30000 = 5,00,000 शुद्ध बिक्री
सकल लाभ = 5,00,000 - 4,00,000 = 100,000
अत : सकल लाभ अनुपात =
$\frac{1,00,000 \text{ x } 100}{5,00,000} = 20\%$

**19. यदि शुद्ध बिक्री 4,50,000 रु. हो, संचालन व्यय 30,000 रु. हो तथा शुद्ध बिके माल की लागत 3,30,000 रु. हो तो संचालन अनुपात (Operating Ratio) होगा -**
(A) 60% (B) 70%
(C) 75% (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (D)
हल-
Operating Ratio = $\frac{\text{Cost of goods sold + operating exp x100}}{\text{Net Sales}}$
$= \frac{3,30,000 + 30,000 \text{ x } 100}{4,50,000}$
$= \frac{3,60,000 \text{ x } 100}{4,50,000} = 80\%$

**20. यदि बेचे गए माल की लागत 9,60,000 रु. तथा सकल लाभ अनुपात 20% हो तो विक्रय की राशि होगी -**
(A) 10,00,000 (B) 9,50,000
(C) 9,00,000 (D) 12,00,000
उत्तर- (D)
हल- सकल लाभ अनुपात 20% का आशय है कि 100 रु. की बिक्री होने पर सकल लाभ 20 रु. तथा लागत 80 रु. है। इस आधार पर
बिक्री की राशि = $\frac{\text{लागत x 100}}{80}$
$= \frac{9,60,000 \text{ x } 100}{80}$
= 12,00,000 रु.

**21. यदि चालू सम्पत्तियां 60,000 (10,000 रु. के स्कंध सहित) हों तथा चालू दायित्व 20,000 रु. हो तो तरल अनुपात होगा -**
(A) 1: 1 (B) 1.5 :1
(C) 2 : 1 (D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (D)
हल - तरल अनुपात = $\frac{\text{तरल सम्पत्तियां}}{\text{चालू दायित्व}}$
तरल सम्पत्तियां = चालू सम्पत्तियां - स्कंध
= 60,000 - 10,000 = 50,000
अतः तरल अनुपात होगा
$= \frac{50000}{20000} = \frac{5}{2} = 2.5 : 1$

**22. यदि चालू सम्पत्तियां 9,60,000 रु. चालू दायित्व 7,60,000 रु. हो तथा बिके माल की लागत 12,00,000 हो तो कार्यशील पूंजी आवर्त अनुपात (working capital turnover ratio) होगा -**
(A) 3 Times (B) 4 Times
(C) 5 Times (D) 6 Times
उत्तर- (D)
हल - कार्यशील पूंजी आवर्त अनुपात = $\frac{\text{बिके माल की लागत}}{\text{कार्यशील पूंजी}}$
कार्यशील पूंजी = चालू सम्पत्तियां - चालू दायित्व
= 9,60,000 - 7,60,000 = 2,00,000
अतः कार्यशील पूंजी आवर्त अनुपात =
$\frac{12,00,000}{2,00,000} = 6 \text{ Times}$

**23. सृष्टि लिमिटेड का तरल अनुपात 2:1 है। यदि इसका स्कंध 2,00,000 हो तथा कुल चालू दायित्व 5,00,000 रु. है तो इसका चालू अनुपात होगा -**
(A) 2:1 (B) 2:1.5
(C) 2.5:1.5 (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (D)
हल- यहां तरल अनुपात 2:1 दिया हुआ है।
तरल अनुपात = $\frac{\text{तरल सम्पत्तियां}}{\text{चालू दायित्व}}$
$\frac{2}{1} = \frac{\text{तरल सम्पत्तियां}}{5,00,000}$
∴ तरल सम्पत्तियां = 2 x 5,00,000 = 10,00,000 रु.
अब चालू सम्पत्तियां = तरल सम्पत्तियां + स्कंध
= 10,00,000 + 2,00,000 = 12,00,000
चालू अनुपात = $\frac{\text{चालू सम्पत्तियां}}{\text{चालू दायित्व}}$
$= \frac{12,00,000}{5,00,000} = 2.4:1$

**24. सत्यम लिमिटेड का चालू अनुपात 4.5:1 तथा तरलता अनुपात 3:1 है। स्कंध रु. 45,000 है तो चालू दायित्व होंगे -**
(A) 30,000 रु. (B) 32,000 रु.
(C) 33,000 रु. (D) 35,000 रु.
उत्तर- (A)
हल- माना कि चालू दायित्व $x$ है अतः चालू सम्पत्तियां होगी 4.5 x $x$ = 4.5$x$
अतः तरल सम्पत्ति 3$x$ होगी। ऐसी स्थिति में स्कंध 45,000 होने पर चालू दायित्व होगा -
$4.5x - 3x = 45,000$
$1.5x = 45,000$
$x = \frac{45,000}{1.5} = 30,000$

**25. यदि विक्रय 3,20,000 हो, सकल लाभ अनुपात बिक्री पर 25% हो प्रारंभिक स्कंध 29,000 रु. तथा अंतिम स्कंध 31,000 रु. हो तो स्कंध आवर्त अनुपात होगा -**
(A) 5 Times (B) 6 Times
(C) 7 Times (D) 8 Times
उत्तर- (D)
हल- Stock Turnover Ratio = $\frac{\text{Cost of goods Sold}}{\text{Average Stock}}$
अब Cost of goods Sold = Sales - Gross Profit
= 3,20,000 - (25% of 3,20,000)
= 3,20,000 - 80,000 = 2,40,000
Average Stock = $\frac{\text{Opening Stock + Closing Stock}}{2}$
$\frac{29,000 + 31000}{2} = 30,000$
इसीलिए Stock Turnover Ratio =
$\frac{2,40,000}{30,000} = 8 \text{ Times}$

**26. यदि कुल विक्रय 9,00,000 रु., नकद बिक्री 1,50,000 रु., विक्रय वापसी 90,000 रु. हो तथा प्रारंभिक देनदार 60,000 रु. तथा अंतिम देनदार 7,20,00 रु. हो तो देनदार आवर्त अनुपात होगा -**
(A) 8 Time (B) 9 Time
(C) 10 Time (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C)
हल- Debtors Turnover Ratio = $\frac{\text{Net Credit Sales}}{\text{Average Debtors}}$
Net Credit Sales = Total Sales - Cash Sales - Sales Returns
9,00,000 - 1,50,000 - 90,000 = 6,60,000 रु.
Average Debtors = $\frac{\text{Opening Debtors + Closing Debtors}}{2}$
$\frac{60000 + 72000}{2} = 66000$
अतः Debtors Turnover Ratio =
$\frac{6,60,000}{66000} = 10 \text{ Times}$

- प्रो. (डॉ.) डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राऊ, इंदौर में वाणिज्य के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

वसुधैव कुटुम्बकम्

# आपदा के दौरान भारत ने हमेशा निभाई अहम भूमिका

बीते कुछ वर्षों में भारत ने दूसरे देशों में घटित आपदाओं से निपटने में काफी दक्षता दिखाई है। भारत के इस प्रयास को वैश्विक स्तर पर काफी सराहा भी गया है। पड़ोसी देशों में भी जब कोई आपदा आती है। भारत संकटमोचक रूप धारण कर बचाव और राहत के काम में जुट जाता है। वर्तमान में भारत तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में फंसे लोगों की मदद करने की हर मुमकिन कोशिश कर रहा है। भारत ने सदैव वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा के साथ विश्व को अपना परिवार माना है। इस लेख में हम वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा क्या है और भारत ने कब-कब संकट में फंसे देशों के लिए राहत अभियान चलाए इस पर नजर डालेंगे।

### भारत के लिए वसुधैव कुटुम्बकम् के मायने

वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय जीवन दर्शन का सार वाक्य है। वसुधैव कुटुम्बकम् एक संस्कृत वाक्यांश है जिसका अर्थ है 'संपूर्ण विश्व एक परिवार है'। यह महाउपनिषद से लिया गया है। वसुधैव कुटुम्बकम् वह दार्शनिक अवधारणा है, जो सार्वभौमिक भाईचारे और सभी प्राणियों के परस्पर संबंध के विचार को पोषित करती है। वसुधैव कुटुम्बकम् और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की अवधारणा को अपनाएं। भारत के लिए ये शब्द महज कहने के लिए नहीं हैं, बल्कि भारत ने अपनी करनी में भी इसे निभाया है। भारत कई अंतर्राष्ट्रीय मौकों पर इसे साबित भी कर चुका है। फिर चाहे सुनामी के समय श्रीलंका और अन्य देशों की मदद हो या फिर कोरोना काल में चलाया गया वैक्सीन मैत्री अभियान हो, भारत ने हमेशा आगे बढ़ कर सबकी मदद की है।

### G20 की थीम भी वसुधैव कुटुम्बकम्

भारत पहली बार G20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। भारत इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता की बात हो या फिर सतत विकास की, भारत के पास इससे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। इसी कारण भारत का G20 अध्यक्षता का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम्' या 'एक पृथ्वी-एक कुटुंब-एक भविष्य' है। यह थीम भारत की G20 अध्यक्षता का एक सशक्त संदेश देती है, जो दुनिया में सभी के लिए न्यायसंगत और समान विकास के प्रयास को दर्शाती है।

### ऑपरेशन दोस्त

हाल ही में तुर्किये और सीरिया में आया था विनाशकारी भूकंप। इस विपत्तिकाल में भारत ने हर संभव मदद करने के लिए ऑपरेशन दोस्त चलाया। भारत ने कई बचाव कर्मी और चिकित्सा कर्मी तुर्किये भेजे। भारत ने जिस तादाद में राहत सामग्री उपलब्ध कराई, अस्थायी अस्पताल स्थापित किए और मलबे में फंसे पीड़ितों को जीवित निकाला, इससे एक समानुभूतिक, मजबूत और निपुण देश का परिचय मिलता है। भारत के 'आपरेशन दोस्त' ने बिना किसी पंथ, राष्ट्रीयता या राजनीतिक पूर्वाग्रह से 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के विचार को साकार करते हुए न केवल प्रभावित जनता, बल्कि सरकारों का भी दिल जीत लिया है।

### ऑपरेशन मैत्री

साल 2015 में नेपाल में आए भूकंप के बाद भारत ने नेपाल की सहायता करने के लिए 'ऑपरेशन मैत्री' शुरू किया था। ये राहत ऑपरेशन लगभग 40 दिनों तक चला था। एनडीआरएफ ने ऑपरेशन मैत्री के तहत 16 बचाव दलों को तैनात किया और नेपाल को राहत सामग्री भेजी। राहत सामग्री के साथ ही भारत ने पानी, मैदानी अस्पताल, कंबल, तंबू, पैरामेडिकल, स्ट्रेचर, दवा, तैयार भोजन, दूध, बर्तन, सब्जी, ऑक्सीजन रीजेनेरेटर और और मरीजों के लिए बिस्तर आदि भेजे थे।

### जापान के साथ भी निभाई दोस्ती

'सच्चा मित्र वही, जो समय पर काम आए' की कहावत को चरितार्थ करते हुए साल 2011 में आयी सुनामी के दौरान भारत ने जापान की मदद की। भारत ने राहत सामग्री भेजने के अलावा सुनामी के बाद बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ के 46 सदस्यों को भी जापान भेजा था।

### म्यांमार का भी बना सहारा

साल 2008 में चक्रवात नरगिस ने म्यांमार में भयंकर तबाही मचाई थी। इस चक्रवात में लगभग 1.38 लाख लोग मारे गए थे। चक्रवात के कारण हुई तबाही को देखते हुए मदद के तौर पर भारत ने राहत सामग्री से भरे दो समुद्री जहाज वहां भेजे। इसके अलावा भारत ने म्यांमार की आर्थिक मदद भी की थी।

### अमेरिका की भी मदद की

विनाशकारी तूफान कैटरीना ने अगस्त 2006 में अमेरिका के खाड़ी तट पर भूस्खलन किया था। इस तूफान ने विशेष रूप से न्यू ऑरलियन्स शहर में भयावह बाढ़ को जन्म दिया और 1,800 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कैटरीना तूफान के बाद, भारत ने अमेरिकी रेड क्रॉस को 5 मिलियन डॉलर का दान दिया और मदद के लिए 25 टन राहत सामग्री पहुंचाई।

### ऑपरेशन रेनबो

भारत सरकार ने 2004 की सुनामी के कुछ घंटों बाद श्रीलंका में लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन रेनबो' शुरू किया। ढाई महीने से अधिक समय तक चलने वाला यह देश के बाहर भारत द्वारा किया गया सबसे बड़ा राहत अभियान है। सुनामी के बाद जीवित बचे लोगों का पता लगाने और उन्हें बचाने, शवों को निकालने के कामों में भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के कई विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा हवाई सहायता प्रदान की गई थी। इसके अलावा भारतीय सेना की फील्ड एम्बुलेंस ने स्थानीय नागरिक और सैन्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय कर चिकित्सा शिविर स्थापित किए थे।

### ऑपरेशन कैस्टर

'ऑपरेशन कैस्टर' के तहत 2004 की सुनामी के बाद भारत ने मालदीव की मदद की थी। भारत ने 4 विमान और 2 नौसेना पोत के माध्यम से राहत कार्यक्रम चलाया। राहत सामग्री में बेसिक फीड, वाटर, आश्रय, चिकित्सा अस्पतालों से लेकर जनरेटर, बोरिंग उपस्कर, सामान्य उपस्कर और बिल्डिंग सामग्री आदि शामिल थी।

### वैक्सीन मैत्री

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सभी देशों को अकेला कर दिया, उस समय भारत ने खुद के साथ ही ऐसे कई उन देशों को संभाला, जो भारत की ओर उम्मीद लगाए बैठे थे। सिर्फ वैक्सीन और दवाओं से ही नहीं बल्कि भारत ने चिकित्सा उपकरण से लेकर खाद्यान्न तक की भी आपूर्ति की। इसी के तहत विदेश मंत्रालय की ओर से शुरू की गई वैक्सीन मैत्री के तहत 95 से अधिक देशों को वैक्सीन की सप्लाई की गई। जिसकी वजह से आज विश्व एक साथ मिलकर कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहा है।

### अफगानिस्तान संकट

अफगानिस्तान संकट (2021) के समय में भी विदेश मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना की मदद से 'ऑपरेशन देवी शक्ति' शुरू किया था। दोहा, ताजिकिस्तान और काबुल के रास्ते अलग-अलग उड़ानों में सैकड़ों नागरिकों को भारत लाया गया था। अफगानिस्तान से भारत आने वालों में कई अफगानिस्तानी नागरिकों के अलावा पड़ोसी देशों के नागरिकों की संकट ग्रस्त इलाकों से वापसी करवाई।

### अन्य महत्वपूर्ण ऑपरेशन

- **ऑपरेशन गंगा (2022)-** भारत सरकार द्वारा यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिये यह एक निकासी अभियान था, जिसमें भारतीयों को यूक्रेन से भारत वापस लाया गया। रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट, हंगरी जैसे पड़ोसी देशों से निकासी उड़ानें संचालित की गईं।
- **वंदे भारत मिशन (2020)-** कोरोना काल (कोविड 19 महामारी) के दौरान वंदे भारत मिशन शुरू किया गया था ताकि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर लॉकडाउन जैसी स्थिति के कारण विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा सके।
- **ऑपरेशन समुद्र सेतु (2020)-** यह कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय नागरिकों को विदेशों से घर वापस लाने के राष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में एक नौसैनिक अभियान था।

**- रश्मि रंजन**

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

---

**विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न**

## सामान्य ज्ञान-खेल

1. **किस शहर में सबसे ज्यादा बार ओलिंपिक खेल आयोजित किए जा चुके हैं?**
(अ) लंदन (ब) पेरिस
(स) टोक्यो (द) सिडनी

2. **मोहम्मद अनस याहिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) फुटबॉल (ब) एथलेटिक्स
(स) बैडमिंटन (द) मुक्केबाजी

3. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक नहीं बनाया है?**
(अ) रोहित शर्मा
(ब) शुभमन गिल
(स) सूर्यकुमार यादव
(द) ईशान किशन

4. **मैनुएल न्यूएर किस देश के दिग्गज फुटबॉलर हैं?**
(अ) ब्राजील (ब) जर्मनी
(स) अर्जेंटीना (द) नीदरलैंड

5. **शीतकालीन ओलिंपिक खेलों की शुरुआत किस वर्ष से हुई थी?**
(अ) वर्ष 1920 (ब) वर्ष 1922
(स) वर्ष 1924 (द) वर्ष 1926

6. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में हॉकी में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?**
(अ) भारत (ब) जर्मनी
(स) जापान (द) इंग्लैंड

7. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज दस हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) विराट कोहली
(ब) महेला जयवर्धने
(स) महेंद्र सिंह धोनी
(द) क्रिस गेल

8. **इनमें से कौन-सा क्लब इंग्लिश प्रीमियर लीग में शामिल नहीं है?**
(अ) लिवरपूल (ब) चेल्सी
(स) आर्सेनल (द) जुवेंटस

9. **विजय कुमार ने लंदन ओलिंपिक-2012 में किस खेल में भारत के लिए रजत पदक जीता था?**
(अ) निशानेबाजी (ब) कुश्ती
(स) बैडमिंटन (द) टेनिस

10. **फॉर्मूला-वन रेसर लुइस हैमिल्टन किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) मैक्सिको (ब) ब्रिटेन
(स) नीदरलैंड (द) फिनलैंड

11. **इनमें से किस देश से टेबल टेनिस खेल की शुरुआत हुई थी?**
(अ) इंग्लैंड (ब) चीन
(स) जापान (द) डेनमार्क

12. **मध्यप्रदेश ने वर्ष 2022 में किस टीम को हराकर रणजी ट्रॉफी जीती थी?**
(अ) कर्नाटक (ब) बंगाल
(स) विदर्भ (द) मुंबई

13. **नोवाक जोकोविच ने कितनी बार एटीपी फाइनल्स खिताब जीता है?**
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) छह बार (द) आठ बार

14. **मिसी फ्रेंकलिन किस देश की दिग्गज महिला तैराक हैं?**
(अ) कनाडा (ब) अमेरिका
(स) सर्बिया (द) स्विट्जरलैंड

15. **नोवाक जोकोविच ने कितने बार ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीता है?**
(अ) 10 बार
(ब) 11 बार
(स) 12 बार
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **जस्टिन थॉमस किस देश के लोकप्रिय गोल्फर हैं?**
(अ) न्यूजीलैंड (ब) अमेरिका
(स) सिंगापुर (द) आयरलैंड

17. **शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
(अ) रायपुर (ब) कटक
(स) गुवाहाटी (द) रांची

18. **इनमें से किस भारतीय बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाया है?**
(अ) के.एल. राहुल (ब) पृथ्वी शॉ
(स) चेतेश्वर पुजारा (द) करुण नायर

19. **सुनील छेत्री वर्तमान में आईएसएल की किस टीम के लिए खेलते हैं?**
(अ) चैन्नइयन एफसी
(ब) बेंगलुरू एफसी
(स) एफसी गोवा
(द) केरेला ब्लास्टर्स

20. **इनमें से किस देश ने दो या इससे ज्यादा बार आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप नहीं जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) भारत
(स) वेस्टइंडीज (द) पाकिस्तान

21. **वर्ष 2022 में किस क्लब ने बुंदेसलीगा का खिताब जीता है?**
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) बोरूसिया डॉर्टमंड
(स) आरबी लिपजिग
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **इनमें से किस खिलाड़ी ने टेस्ट मैच में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं?**
(अ) ग्लैन मैक्ग्राथ
(ब) केशव महाराज
(स) जसप्रीत बुमराह
(द) स्टुअर्ट ब्रॉड

23. **बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शटलर हैं?**
(अ) ज्वाला गुट्टा
(ब) पी.वी. सिंधु
(स) साइना नेहवाल
(द) इनमें से कोई नहीं

24. **आईपीएल की नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं?**
(अ) युवराज सिंह
(ब) वीरेंद्र सहवाग
(स) सैम करेन
(द) क्रिस मॉरिस

25. **वर्ष 2022 में किस देश ने फीफा अंडर-17 वूमेन वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) नीदरलैंड्स (ब) कोलंबिया
(स) अर्जेंटीना (द) स्पेन

### उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (अ), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (अ), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (ब), 20. (द), 21. (अ), 22. (स), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

**- पुष्पेंद्र कुमार सविता**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

# खेल चर्चा

### भारत ने एशिया बैडमिंटन मिक्स्ड टीम चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

**दुबई,** भारत ने एशिया बैडमिंटन मिक्स्ड टीम चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में भारत को गत चैम्पियन चीन के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के कारण भारत खिताब की दौड़ से बाहर हो गया और भारत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। पुरुष एकल वर्ग में एच.एस. प्रणय को चीन के लेई लेंक्सी ने और महिला एकल वर्ग में पी.वी. सिंधु को गाओ फेंगजी ने हराया। इसके बाद पुरुष युगल वर्ग में ध्रुव कपिला और चिराग शेट्टी तथा महिला युगल वर्ग में त्रिसा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने अपने-अपने मैच जीतकर बराबरी दिलाई। मैच के अंतिम और निर्णायक मुकाबले में भारत के इशान भटनागर और तनिशा क्रेस्टो की मिश्रित जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। चैम्पियनशिप में चीन ने स्वर्ण पदक और दक्षिण कोरिया ने रजत पदक जीता

### वेस्टइंडीज में होप वन-डे और पॉवेल ट्वेंटी-20 टीम के बने कप्तान

**पोर्ट ऑफ स्पेन,** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम के लिए कप्तान घोषित कर दिए हैं। वन-डे टीम की कमान शाई होप को सौंपी है जबकि रोवमन पॉवेल को ट्वेंटी-20 टीम का कप्तान बनाया गया है। ये दोनों खिलाड़ी निकोलस पूरन की जगह अपनी-अपनी टीमों के कप्तान होंगे। पूरन ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। पूरन बतौर खिलाड़ी अब वेस्टइंडीज की टीम में शामिल हैं। वेस्टइंडीज में अब तीनों प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान हो गए हैं। टेस्ट टीम की कमान पहले से ही क्रेग ब्रेथवेट के हाथ में है। शाई होप पहले भी वेस्टइंडीज के उप कप्तान रह चुके हैं। होप ने वेस्टइंडीज के लिए 104 वन-डे, 38 टेस्ट और 19 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। वहीं रोवमन पॉवेल बिग हिटर के रूप में जाने जाते हैं। पॉवेल ने वेस्टइंडीज के लिए 55 ट्वेंटी-20 और 45 वन-डे मैच खेले हैं।

### थ्युनिस डि ब्रूइन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**बेंगलुरु,** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज थ्युनिस डि ब्रूइन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। 30 वर्षीय डि ब्रूइन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद खुशी है। मैं अब अपने जीवन के अगले अध्याय पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। इसलिए मैंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। डि ब्रूइन ने 20 जनवरी 2017 में श्रीलंका के खिलाफ ट्वेंटी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसम्बर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। डि ब्रूइन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 13 टेस्ट और 2 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। डि ब्रूइन ने टेस्ट क्रिकेट में एक शतक भी बनाया है।

# भारत ने दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

**दिल्ली,** भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। भारत ने दिल्ली में खेले गए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

मैच में ऑस्ट्रेलियन कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। वॉर्नर (15) के आउट होने बाद ख्वाजा एक छोर पर डटे रहे। ख्वाजा ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाये। इसके बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब ने पारी को संभाला। हैंड्सकॉम्ब ने पैट कमिंस (33) के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 59 रन जोड़े। हैंड्सकॉम्ब ने नाबाद 72 रन बनाये, जिसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन बनाये।

पहली पारी में रोहित शर्मा (32) और के.एल. राहुल (17) ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन ये दोनों बल्लेबाज अपनी पारी को लंबी नहीं खींच पाए। विराट कोहली (44) और जडेजा (26) ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। भारतीय टीम एक




- भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए अब सिर्फ एक जीत की जरूरत है।
- इस जीत के साथ भारत ने एक बार फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा पक्का कर लिया है।
- विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 25 हजार रन पूरे कर लिए हैं।
- विराट यह उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व के छठवें और भारत के दूसरे क्रिकेटर हैं।
- चेतेश्वर पुजारा ने 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की।
- पुजारा भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 13वें खिलाड़ी हैं।

समय 139 रन पर 7 विकेट गवांकर संकट में घिर गई थी। इसके बाद भारतीय टीम पहली पारी में 262 रन ही बना सकी और ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रह गई।

दूसरी पारी में ट्रेविस हेड (43) और मार्नस लाबुशेन (35) ने दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में ला दिया। इसके बाद अश्विन और जडेजा ने अपनी कहर बरपाती गेंदों से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की जमकर खबर ली। कोई भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इन दोनों गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। एक समय एक विकेट पर 65 रन बना चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। भारतीय टीम को दूसरी पारी में जीत के लिए 115 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य छोटा था, लेकिन आसान नहीं रहा। रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा और के.एस. भरत की शानदार पारियों के दम पर भारत ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### भारत में पहली बार आयोजित हुई फॉर्मूला-ई रेस

**हैदराबाद,** फॉर्मूला-वन के बाद अब भारत में फॉर्मूला-ई रेस का रोमांच भी देखने को मिला। भारत में पहली बार फॉर्मूला-ई रेस का आयोजन किया गया। हैदराबाद में आयोजित इस रेस का खिताब फ्रांसीसी रेसर जीन एरिक वर्गेन ने जीता। रेस में निक कैसिडी दूसरे और फेलिक्स डि कोस्टा तीसरे स्थान पर रहे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने जीन एरिक वर्गेन को विजेता ट्रॉफी सौंपी। हैदराबाद में आयोजित हुई रेस इस सत्र में फॉर्मूला-ई की चौथी रेस है। इस सत्र में कुल 16 रेस आयोजित होंगी। जर्मनी के कार रेसर पास्कल वेहरलिन दो रेस जीतकर ड्राइवर चैम्पियनशिप में पहले स्थान पर चल रहे हैं।

### चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता पद से दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु,** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चेतन एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन को लेकर विवादों में घिर गए हैं। इस स्टिंग ऑपरेशन में चेतन ने भारतीय टीम और खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर कई बातें कही हैं, जिन पर विवाद गहरा गया है। बीसीसीआई ने चेतन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। बतौर मुख्य चयनकर्ता चेतन का यह दूसरा कार्यकाल था। चेतन वर्ष 2020 में मुख्य चयनकर्ता बने थे। बीसीसीआई ने पिछले वर्ष आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद चेतन शर्मा सहित चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। हालांकि वर्ष 2023 में फिर उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया था।

# शुभमन गिल बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई,** भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जनवरी माह के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन ने जनवरी माह में बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है।

आईसीसी ने जनवरी माह के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शुभमन के अलावा भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे को भी नामांकित किया था। शुभमन ने जनवरी माह में श्रीलंका के खिलाफ वन-डे सीरीज के तीसरे मैच में 116 रन की पारी खेली। शुभमन ने अपनी फॉर्म न्यूजीलैंड के खिलाफ वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज में भी जारी रखी। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वन-डे सीरीज के पहले मैच में 149 गेंदों में 208 रन और तीसरे मैच में 112 रनों की पारी खेली। इसके अलावा शुभमन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज के तीसरे मैच में 63 गेंदों में 126 रनों की बेमिसाल पारी खेली। इसके साथ ही शुभमन ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए।

**स्क्रीवंस बनीं सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी**


आईसीसी ने महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार इंग्लैंड की अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तान ग्रेस स्क्रीवंस को चुना है। स्क्रीवंस यह पुरस्कार जीतने वाली सबसे युवा क्रिकेटर बन गई हैं। स्क्रीवंस ने आईसीसी अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में 7 मैचों में 293 रन बनाये और 9 विकेट लिए थे।

- शुभमन क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज हैं।
- शुभमन वन-डे में दोहरा शतक बनाने वाले विश्व के सबसे युवा बल्लेबाज हैं।

# कार्लोस अलकराज ने जीता अर्जेंटीना ओपन खिताब

**ब्यूनस आयर्स,** स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने अर्जेंटीना ओपन का खिताब अपने नाम किया है। अलकराज ने टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया। यूएस ओपन के बाद ये अलकराज का पहला एटीपी खिताब है।

चोट के कारण लगभग तीन महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय टेनिस में वापसी कर रहे अलकराज ने फाइनल मैच में बेहतरीन खेल दिखाया। मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले सेट में अलकराज ने अपनी तेज सर्विस के दम पर नॉरी पर दबाव बनाया। अलकराज ने पहला सेट महज 36 मिनट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दूसरे सेट में एक समय अलकराज 5-4 के स्कोर पर चैम्पियनशिप जीतने के लिए सर्विस कर रहे थे, तब नॉरी ने उनकी सर्विस ब्रेक



कर वापसी करने की कोशिश की, लेकिन अलकराज ने अगला गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। खिताबी जीत के बाद अलकराज ने कहा कि ये सप्ताह मेरे लिए बेहतरीन रहा है। मैं फाइनल खेलने में काफी सहज महसूस कर रहा था। अलकराज पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाये थे।

**रणजी ट्रॉफी**

# बंगाल को हराकर सौराष्ट्र बना चैम्पियन

**कोलकाता,** सौराष्ट्र टीम घरेलू क्रिकेट की नई सरताज बन गई है। सौराष्ट्र ने भारत की सबसे बड़ी घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। रणजी ट्रॉफी के फाइनल में सौराष्ट्र ने बंगाल को 9 विकेट से हराया।

फाइनल मैच में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने घातक गेंदबाजी करते हुए बंगाल के 4 विकेट महज 17 रन के अंदर आउट कर बंगाल को दबाव में ला दिया। 65 रन पर 6 विकेट गवां चुकी बंगाल की टीम को शहबाज अहमद (69) और अभिषेक पोरेल (50) ने संभाला और सातवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी की। बंगाल




- सौराष्ट्र ने दूसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है।
- सौराष्ट्र वर्ष 2019-20 में भी बना था रणजी चैम्पियन।

की टीम पहली पारी में 174 रन ही बना सकी।

बंगाल को सस्ते में समेटने के बाद सौराष्ट्र के बल्लेबाजों ने जमकर रन बनाये। सौराष्ट्र के लिए अर्पित वसावड़ा (81), चिराग जानी (60), शेल्डन जैक्सन (59) और हार्विक देसाई (50) ने अर्धशतकीय पारियां खेलते हुए टीम को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 404 रन बनाकर बंगाल के खिलाफ 230 रनों की विशाल बढ़त हासिल की।

दूसरी पारी में भी बंगाल के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा। अनुस्तुप मजूमदार (61) और मनोज तिवारी (68) के अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सका। जयदेव उनादकट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में 6 विकेट झटके, जिसकी बदौलत बंगाल की टीम दूसरी पारी में 241 रन बनाकर ढेर हो गई। सौराष्ट्र की टीम को दूसरी पारी में जीत के लिए महज 12 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने एक विकेट गवांकर हासिल कर लिया।

### सानिया बनीं आरसीबी वूमेंस टीम की मेंटर

**बेंगलुरु,** टेनिस को अलविदा कहने के बाद भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा अब क्रिकेट में नए रोल में नजर आयेंगी। सानिया को क्रिकेट फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग के लिए अपनी महिला टीम का मेंटर नियुक्त किया है। आरसीबी ने सोशल मीडिया पर सानिया से बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में सानिया ने कहा कि वे अपने नए रोल को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रोफेशनल टेनिस से लगभग 20 वर्षों तक जुड़ी रही हूं। मैं अब संन्यास के बाद अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहती हूं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

भारत–नेपाल में

## बिजली लेनदेन बढ़ाने पर समझौता

भारत और नेपाल ने ढल्केबर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिये बिजली आयात और निर्यात क्षमता को



600 से बढ़ाकर 800 मेगावाट करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, राजस्थान के माउंट आबू में ऊर्जा सचिव स्तर की संयुक्त संचालन समिति की बैठक में यह समझौता हुआ। बता दें कि 2016 में बिजली ट्रांसमिशन लाइन का शुभारंभ किया गया था।

इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट

# भारत ने दुनिया को दिखाया है कि आपदा को अवसरों में कैसे बदला जा सकता है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट को सम्बोधित करते हुए कहा कि युद्ध और

- **इस वर्ष समिट की थीम 'री-इमेजिन बिजनेस, री-इमेजिन दी वर्ल्ड' निर्धारित की गई।**
- **सरकार का ध्यान गरीबों को सशक्त बनाना है, ताकि वे देश के तेज विकास में अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान कर सकें।**

प्राकृतिक आपदा के इन तीन वर्षों के दौरान, भारत और भारतीयों ने अपना दृढ़ संकल्प दिखाया है। उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया को दिखाया है कि आपदा को अवसरों में कैसे बदला जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, अवसंरचना निर्माण को तो गति दे ही रहा है, बल्कि वह क्षेत्र विकास और जन विकास पर भी जोर दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना मानचित्रीकरण 1600 से अधिक डेटा लेयर्स हैं, जो गतिशक्ति प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत के एक्सप्रेस-वे हों या फिर अन्य अवसंरचनायें हों, उन सबको




कृत्रिम बौद्धिकता के साथ जोड़ा गया है, ताकि सबसे कम और सबसे अधिक कारगर मार्ग तय किया जा सके।

भारत के विमानन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की पुनर्कल्पना पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि आज नागरिक विमानों की आवाजाही के लिए 128 हवाई मार्ग खोले गए। इससे उड़ान मार्ग छोटे हो गए, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत हुई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लगभग एक लाख टन सीओ2 का उत्सर्जन भी कम हो गया है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत ने भौतिक और सामाजिक अवसंरचना के विकास का एक नया मॉडल दुनिया के सामने रखा है, जहां भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा इसका एक संयुक्त उदाहरण है। पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान मंत्री ने बताया कि देश में छह लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है, मोबाइल विनिर्माण इकाइयों की संख्या कई गुना बढ़ गई है और देश में इंटरनेट डेटा की दर 25 गुना कम हो गई है, जो दुनिया में सबसे सस्ती है।

प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत की समृद्धि विश्व की समृद्धि है और भारत का विकास विश्व का विकास है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 के लिए चुने गए एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य के विषय में दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान शामिल है।

उन्होंने कहा कि साझा संकल्प लेकर और सभी के हितों की रक्षा करके ही दुनिया बेहतर बन सकती है। उन्होंने कहा, यह दशक और अगले 25 साल भारत में अभूतपूर्व विश्वास जताने का काल है। संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सबके प्रयास' से ही भारत के लक्ष्यों को तेजी से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से भारत की विकास यात्रा में यथासंभव शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "जब आप भारत की विकास यात्रा से जुड़ते हैं तो भारत आपको विकास की गारंटी देता है।"

उत्तर कोरिया ने

## अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास से पहले दागी मिसाइल

उत्तर कोरिया ने कहा कि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के उसके नवीनतम परीक्षण का उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ "घातक" परमाणु हमले की अपनी क्षमता को और बढ़ाना है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका व दक्षिण कोरिया के बीच प्रस्तावित सैन्य अभ्यास के जवाब में अतिरिक्त शक्तिशाली कदम उठाने की धमकी भी दी। इससे संकेत मिलता है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपने प्रतिद्वंद्वियों के सैन्य अभ्यास का उपयोग अपने देश की परमाणु क्षमता का विस्तार करने के अवसर के रूप में कर रहे हैं ताकि अमेरिका के साथ भविष्य में होने वाले समझौतों में इसका लाभ उठाया जा सके। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि नेता किम जोंग उन के सीधे आदेश पर बिना किसी पूर्व सूचना के मौजूदा 'ह्वासोंग-1' अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का "अचानक" परीक्षण किया गया। केसीएनए ने कहा कि 'ह्वासोंग -1' परीक्षण ने उत्तर कोरिया के "शक्तिशाली भौतिक परमाणु निवारक" और "शत्रु शक्तियों पर घातक परमाणु पलटवार की अपनी क्षमता" के प्रयासों को अत्यंत मजबूत बना दिया है, जिसका मुकाबला नहीं किया जा सकता।

## तुर्की में फिर आया विनाशकारी भूकंप

तुर्की और सीरिया बॉर्डर पर एक बार फिर भूकंप का झटका महसूस हुआ है। यहां 6.3 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया

- **6.3 तीव्रता का भूकंप तुर्की और सीरिया बॉर्डर पर आया है।**
- **तुर्की में आए भूकंप से अब तक 40 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।**

गया। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र (EMSC) ने कहा कि भूकंप 1.9 कि.मी. की गहराई में आया है। तुर्की में एक बार फिर आए इस भूकंप ने लोगों को डरा दिया है। भूकंप से अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यह भूकंप तब आया है, जब



पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री ने तुर्की से लौटे बचाव दल की तारीफ की थी।

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन छह फरवरी को आये भूकंप से तबाह हुए प्रांतों का दूसरी बार दौरा कर रहे हैं। आधुनिक तुर्किये के इतिहास में आई सबसे भयावह आपदा में मलबे में जीवित लोगों के दबे होने की संभावना को देखते हुए चलाये जा रहे तलाशी अभियान को बंद किया जा रहा है। तुर्किये की आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी ने देश में भूकंप से मौत के पुष्ट मामलों की संख्या 40 हजार से ज्यादा बताई है। इस तरह तुर्किये और सीरिया दोनों जगह 44,844 से अधिक लोग भूकंप से मारे जा चुके हैं।

भूकंप से प्रभावित अधिकतर क्षेत्रों में जीवितों की तलाश के अभियान को रोक दिया गया है। हालांकि, एएफएडी के प्रमुख ने कहा कि तलाशी दल तबाह हुई एक दर्जन से अधिक इमारतों में अपने प्रयासों को बढ़ा रहे हैं। मलबे में अब किसी के जीवित दबे होने की संभावना नहीं है।

बाफ्टा

## जर्मनी की फिल्म ने जीते सात खिताब


76वें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) के विजेताओं की घोषणा हो चुकी है। अवॉर्ड समारोह में जर्मन फिल्म ऑल

- **आयरिश फिल्म द बैंशीज ऑफ इनिशेरीन ने 04 पुरस्कार अपने नाम किए।**

क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट फिल्म का जलवा रहा। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर समेत सात श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए।

इसके अलावा फिल्म एल्विस और आयरिश फिल्म द बैंशीज ऑफ इनिशेरीन को चार–चार बाफ्टा अवॉर्ड्स मिले। वहीं, सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र श्रेणी के लिए नामित भारतीय फिल्म ऑल दैट ब्रीद्स बाफ्टा लाने से चूक गई। इस श्रेणी में ऑल दैट ब्रीद्स का मुकाबला नैवल्नी, ऑल द ब्यूटी एंड द ब्लडशेड, फायर ऑफ लव और मूनएज डेड्रीम से था, जिसमें नैवल्नी ने बाजी मारी।

इससे पहले साउथबैंक सेंटर के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित पुरस्कार




समारोह में दुनियाभर के कई सितारे रेड कार्पेट पर नजर आए।

### एनिमेटेड फिल्म की श्रेणी में अवतार को अवॉर्ड

बॉक्स ऑफिस में धूम मचाने के बाद निर्देशक जेम्स कैमरून की फिल्म अवतार : द वे ऑफ वॉटर ने बाफ्टा अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स का खिताब अपने नाम किया है। फिल्म का मुकाबला ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट, द बैटमैन, एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस और टॉम क्रूज की टॉप गन मेवरिक से था।

### आस्टिन के अभिनय को दुनिया ने सराहा

पुरस्कार समारोह में आस्टिन बटलर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया। फिल्म एल्विस में अभिनय करने के लिए उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें फिल्म के लिए गोल्डन ग्लोब भी मिल चुका है। वहीं केट ब्लैंचेट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें फिल्म टार के लिए पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा तीन बार के ऑस्कर विजेता सैंडी पॉवेल बाफ्टा फेलोशिप से सम्मानित होने वाले पहले कॉस्ट्यूम डिजाइनर बने।

### इन्होंने भी खिताब अपने नाम किया

| | | |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर | : | एडवर्ड बर्जर |
| सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता | : | बैरी केघन |
| सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री | : | केरी कॉन्डन |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग | : | एल्विस |
| सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र | : | नैवल्नी |
| सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन | : | एल्विस |
| सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी | : | ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट |

## सीरिया पर इजरायल के हवाई हमले

भूकंप से जूझ रहे सीरिया में इजरायल ने हवाई हमले किए। राजधानी दमिश्क में किए गए इन हमलों में लगभग 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हैं। इजरायली हमलों में कई इमारतों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

सीरिया की समाचार एजेंसी के मुताबिक, दमिश्क पर ये हमले रात करीब 12.30 के आसपास किए गए। एक के बाद एक धमाकों की आवाज से दमिश्क दहल उठा। कई घरों में आग भी लग गई। मरने वालों में सैनिक और महिलाएं भी हैं।

विनाशकारी भूकंप के बाद ये पहला मौका है, जब इजरायल ने यहां हवाई हमले किए हैं। मानवाधिकार संस्थान सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में ईरानी मिलिशिया और लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला से जुड़े स्थलों और ईरान के एक स्कूल को निशाना बनाया गया। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमारी सेना ने हमलों का जवाब दिया और इजरायल की कई मिसाइलों को मार गिराया।



### खुफिया मुख्यालय भी चपेट में

दमिश्क के कफर सौसा जिले में ईरानी सांस्कृतिक केंद्र के पास एक दस मंजिला इमारत को हमलों में निशाना बनाया गया। हमले में इमारत को खासा नुकसान पहुंचा है। यहां सीरिया का खुफिया मुख्यालय और कई वरिष्ठ अधिकारियों का निवास है। बताया जा रहा है कि हमलों में सीरिया समर्थित ईरानी और हिजबुल्ला लड़ाकों के एक गोदाम को भी निशाना बनाया गया। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने आधी रात के बाद हमलों की पुष्टि की।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- पुष्पेन्द्र पाल सिंह।